दैनिक
RNI No. MPHIN/2018/77427
सच कहने का साहस
# चम्बल नवराष्ट्र
CHAMBAL NAVRASHTRA
web portal : cnnews.co.in | Email : guptavineet087@gmail.com | Share Events & News 8889307028
वर्ष -6 अंक-322 | भोपाल, सोमवार 04 नवम्बर 2024 | पृष्ठ -8 मूल्य-2.00

### घाटशिला में हेमंत पर बरसे अमित शाह

## कांग्रेस और हेमंत की सरकार घुसपैठियों को दे रही शह, हमारी सरकार इन्हें छोड़ेगी नहीं

**रांची।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने हेमंत सरकार पर जमकर निशाना साधा। घाटशिला में रविवार को अपनी पहली जनसभा में उन्होंने कहा कि हमारी सरकार आई तो घुसपैठियों को छोड़ेंगे नहीं। कांग्रेस और हेमंत सोरेन की सरकार इनको शह दे रही है।

उन्होंने कहा कि झारखंड की बहन-बेटियों के साथ घुसपैठियों ने जो अन्याय किया है, उसे रोकने में झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल के गठबंधन की सरकार नाकाम रही है। घुसपैठियों को चेतावनी देते हुए कहा कि अब चैन की नींद लेना बंद कर दो, जमीन हड़पना बंद कर दो। झारखंड में भाजपा की सरकार बनेगी और हम कानून बनाकर झारखंड के भोले-भाले आदिवासियों को उनकी




जमीन वापस कराएंगे। ऐसा कानून बनाएंगे कि उसे पिछली तारीख से लागू किया जाए।

घाटशिला के बाद हजारीबाग के बरकट्ठा में सभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने घुसपैठ, भ्रष्टाचार, महिलाओं की सुरक्षा के साथ-साथ युवाओं के रोजगार के मुद्दे को उठाया। रोजगार पर उन्होंने कहा कि राज्य में पेपर लीक हो रहे हैं। ये कौन कर रहा है। सीएम हेमंत के चट्टे-बट्टे की इस काम में लगे हुए हैं। कहा कि राज्य में नौकरी की उम्मीद में 17 युवा जान गंवा दिए, लेकिन इनके चेहरे पर शिकन तक नहीं आई हेमंत सोरेन की ओर से एक लाख 36 हजार करोड़ रुपए मांगे जाने पर कहा कि जब केंद्र में यूपीए की सरकार थी तब राज्य को कितना मिला था, यह पता करने वाली बात है। इस दौरान उन्होंने जनता को भाजपा की योजनाओं से भी अवगत कराया।

इससे पहले रांची में सुबह भाजपा ने अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया। खास बात है कि भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती को ध्यान में रखकर 150 संकल्प जारी किया गया है। इसमें 300 यूनिट बिजली फ्री, 500 रुपए में गैस सिलेंडर और सवा करोड़ घरों को सोलर ऊर्जा से जोड़ने का ऐलान किया गया है। साथ ही महिलाओं को गोगो दीदी योजना के तहत हर माह 2100 रुपए देने का वादा किया गया है। संकल्प पत्र केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जारी किया।

संकल्प पत्र को जारी करते हुए अमित शाह हेमंत सोरेन सरकार पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि ये संकल्प पत्र लोगों की उम्मीदों को पूरा करेगा। हमरा ट्रैक रिकार्ड है, जो हम कहते हैं वो करते हैं। यह चुनाव झारखंड के भविष्य का चुनाव है। संकल्प पत्र जारी करने के बाद अमित शाह तीन जगहों घाटशिला, सिमरिया और बरकट्ठा में जनसभा करेंगे। घाटशिला सीट से पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के बेटे बाबूलाल सोरेन और झामुमो के रामदास सोरेन के बीच सीधी टक्कर है। जबकि, बहरागोड़ा से भाजपा के दिनेशानंद गोस्वामी और झामुमो के समीर मोहंती के बीच टक्कर है।

### सरकार पर बरसीं मायावती, बोलीं- हजारों स्कूलों को बंद करने का फैसला उचित नहीं, बेहतर सुधार का जरूरत



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने एक बार फिर सरकार को घेरा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा 50 से कम छात्रों वाले बदहाल 27,764 परिषदीय प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों को बंद करने का फैसला उचित नहीं है। ऐसे में गरीब बच्चे आखिर कहां और कैसे पढ़ेंगे। राज्य सरकार को दूसरे स्कूलों में उनका विलय करने की बजाय उनमें जरूरी सुधार करके बेहतर बनाने के उपाय करने चाहिए। बसपा सुप्रीमो ने रविवार को सोशल मीडिया पर जारी बयान में कहा कि यूपी व देश के अधिकतर राज्यों में खासकर प्राइमरी व सेकंडरी शिक्षा का बुरा हाल है।

### यूपी के सीएम योगी को जान से मारने की धमकी, कहा-

## बाबा सिद्दीकी जैसा हाल करेंगे; महिला गिरफ्तार

मुंबई (ए.)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धमकी दी गई है। दरअसल महाराष्ट्र पुलिस के कंट्रोल रूम को फोन करके योगी आदित्यनाथ को धमकी दी गई है और उनसे सीएम पद से इस्तीफा देने की मांग की गई है। महाराष्ट्र पुलिस ने इसकी सूचना यूपी पुलिस को भी दे दी है। मामले की जांच की जा रही है। अधिकारियों के अनुसार, पुलिस अलर्ट पर है, क्योंकि आदित्यनाथ 20 नवंबर को होने वाले राज्य विधानसभा चुनावों के लिए प्रचार करने महाराष्ट्र आ सकते हैं।

मामले में मुंबई पुलिस ने 24 वर्षीय एक महिला को गिरफ्तार किया है। सूचना प्रौद्योगिकी में बीएससी करने वाली महिला की पहचान फातिमा खान के रूप में हुई



है। वह अपने परिवार के साथ महाराष्ट्र के ठाणे जिले के उल्हासनगर इलाके में रहती थी। उसके पिता लकड़ी का कारोबार करते हैं। पुलिस ने बताया कि महिला अच्छी तरह से शिक्षित है, लेकिन मानसिक रूप से अस्थिर है।

गौरतलब है कि मुंबई ट्रैफिक पुलिस को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी भरा संदेश मिला है। शहर पुलिस के ट्रैफिक कंट्रोल रूम को एक अज्ञात नंबर से संदेश मिला, जिसमें कहा गया कि अगर आदित्यनाथ 10 दिन के अंदर सीएम पद से इस्तीफा नहीं देते हैं, तो उन्हें एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की तरह मार दिया जाएगा। एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस अलर्ट पर है, क्योंकि योगी आदित्यनाथ राज्य विधानसभा चुनाव प्रचार के लिए महाराष्ट्र आ सकते हैं। उन्होंने धमकी भरे संदेश की जांच शुरू कर दी है।

हाल ही में एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस हत्याकांड में गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गैंग का नाम सामने आया था। अब सीएम योगी आदित्यनाथ को जो धमकी दी गई है, उसमें भी बाबा सिद्दीकी जैसा हाल करने की बात कही गई है।

### वायनाड में राहुल गांधी बोले-

## ये संविधान बचाने की लड़ाई

### प्रियंका ने कहा- इस सरकार को बस सता चाहिए

**वायनाड।** राहुल गांधी भी वायनाड लोकसभा सीट के उपचुनाव में अपनी बहन प्रियंका गांधी के लिए प्रचार रण में उतर गए हैं। रविवार को राहुल गांधी ने वायनाड में प्रियंका गांधी के लिए चुनाव प्रचार किया और एक रैली को संबोधित किया। इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि प्रियंका गांधी आपकी सबसे अच्छी सांसद होंगी।

राहुल गांधी ने रविवार को वायनाड में आयोजित रैली के दौरान कहा कि %मैं भाग्यशाली हूं कि मुझे प्रियंका गांधी जैसी बहन मिली, अब ये आप लोगों की भी खुशकिस्मती होगी कि वे आपकी भी बहन, मां और बेटी जैसी होंगी। मुझे विश्वास है कि वे आपके लिए सबसे



अच्छी सांसद साबित होंगी।% राहुल गांधी ने अपने संबोधन में जोर देकर कहा कि आज देश में पहला संघर्ष संविधान की रक्षा और उसके संरक्षण के लिए है। उन्होंने कहा कि देश का संविधान नफरत से नहीं, बल्कि विनम्रता और प्रेम से लिखा गया है।

मनंतावडी में एक नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए कहा, आज देश में मुख्य लड़ाई हमारे देश के संविधान की लड़ाई है। हमें जो सुरक्षा मिलती है, हमारे देश की महानता, सब संविधान से ही आई है। उन्होंने कहा, संविधान गुस्से या नफरत से नहीं लिखा गया था। इसे उन लोगों ने लिखा था जिन्होंने अंग्रेजों से लड़ाई लड़ी, जिन लोगों ने कष्ट झेले, जिन्होंने कई साल जेल में बिताए। और उन्होंने संविधान को विनम्रता, प्रेम और स्नेह के साथ लिखा।% लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा कि यह प्रेम और घृणा के बीच की लड़ाई है।


उन्होंने कहा, यह आत्मविश्वास और असुरक्षा के बीच की लड़ाई है। और अगर आप वास्तव में इस लड़ाई को जीतना चाहते हैं, तो आपको अपने दिल से क्रोध, घृणा को हटाकर और उसकी जगह प्रेम, विनम्रता और करुणा को लाना होगा। राहुल गांधी ने अपनी बहन के गुणों के बारे में बात करते हुए अपने बचपन की पुरानी यादें साझा कीं। राहुल गांधी ने याद करते हुए कहा, %यह वही व्यक्ति हैं, जिन्होंने मेरे पिता (राजीव गांधी) की हत्या में शामिल लड़की को गले लगाया था।

## जम्मू-कश्मीर विधानसभा का पहला सत्र आज से

### सीएम उमर ने सहयोगी दलों की बैठक बुलाई, अब्दुल रहीम रादर स्पीकर बन सकते हैं

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर विधानसभा का पहला सत्र सोमवार से शुरू होगा। सत्र से पहले मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से सहयोगी दलों की रविवार को बैठक जारी है। मीटिंग में कांग्रेस, CPI (M), आम आदमी पार्टी और निर्दलीय विधायक पहुंचे।

10 साल बाद हुए विधानसभा चुनाव के बाद नई सरकार में नेशनल कॉन्फ्रेंस के वरिष्ठ विधायक अब्दुल रहीम रादर को स्पीकर बनाया जा सकता है। रादर सातवीं बार विधायक चुने गए हैं और केंद्र शासित प्रदेश की पहली विधानसभा में सबसे उम्रदराज विधायक हैं। स्पीकर का चुनाव सोमवार सुबह 10-30 बजे से पहले होगा। इसके बाद उपराज्यपाल का



अभिभाषण होगा। बैठक में अब्दुल्ला सरकार की आगामी रणनीति और योजनाओं के बारे में भी चर्चा हो सकती है। बैठक में नेशनल कॉन्फ्रेंस के सभी विधायकों को भी बुलाया गया है।

अब्दुल्ला सरकार डिप्टी स्पीकर का पद भाजपा को दे सकती है। हालांकि, अब तक सरकार की ओर से भाजपा को इससे जुड़ी कोई जानकारी नहीं दी गई है। आज होने वाली बैठक में इस पर भी फैसला हो सकता है। वहीं रविवार को भाजपा विधायकों की हुई बैठक में सुनील शर्मा को विधायक दल का नेता चुना गया। वे विधानसभा में विपक्ष के नेता होंगे। वहीं सत शर्मा को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बनाया गया है।

उमर अब्दुल्ला के CM पद की शपथ लेने के बाद राज्य में 6 आतंकी हमले हुए हैं। इनमें लश्कर के कमांडर समेत 6 आतंकी ढेर हुए हैं। 3 जवान भी शहीद हुए। साथ ही 8 गैर कश्मीरी मंजदूरों की भी मौत हुई है। राज्य में नई सरकार के बनने के बाद आतंकियों ने गैर कश्मीरियों को निशाना बनाकर कई हमले किए हैं। उमर अब्दुल्ला के पिता फारूक अब्दुल्ला के आतंकियों पर दिए बयान को लेकर भी सत्र में हंगामे के आसार हैं। दरअसल फारुक ने कहा था कि सुरक्षाबल आतंकियों को मारे नहीं, बल्कि उन्हें गिरफ्तार करें।

## श्रीनगर के संडे मार्केट में ग्रेनेड ब्लास्ट, 12 घायल

### उमर बोले- हमलों से परेशान हूं; कल यहीं सेना ने एक आतंकी को मार गिराया था

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर में श्रीनगर के टूरिस्ट रिसेप्शन सेंटर (TRC) के नजदीक संडे मार्केट में रविवार को ग्रेनेड ब्लास्ट हुआ। इसमें 12 लोग घायल हो गए। घटना के तुरंत बाद हमलावरों को पकड़ने के लिए पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी गई है। घायलों की संख्या बढ़ सकती है।

श्रीनगर में पिछले 2 साल में यह दो दिन में लगातार दूसरी आतंकी वारदात है। 2 नवंबर को खान्यार इलाके में सेना और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। एक घर में 2 से 3 आतंकी छिपे थे। सेना ने घर को



बम से उड़ा दिया। इसमें एक पाकिस्तानी आतंकी मारा गया था। घटनास्थल से आतंकी की बॉडी और गोला-बारूद बरामद किए गए। हालांकि इस मुठभेड़ में 4 जवान भी घायल हुए थे। शनिवार को अनंतनाग में भी सुरक्षाबलों ने एनकाउंटर में 2 आतंकियों को ढेर किया था। एक की पहचान जाहिद राशिद के रूप में हुई।

# 30 सालो से हिन्दू बहन से भाई का रिश्ता निभा रहे मुस्लिम निजामुद्दीन

## हिन्दू मुस्लिम एकता की मिसाल कायम करता है भाई बहन का पवित्र रिश्ता

गिर्राज मारू

श्योपुर-( चम्बल नवराष्ट्र) कहते है ना कि भाई बहन का रिश्ता किसी मजहब की जंजीरों में बंध कर नही रह सकता इसकी एक बानगी कोटरा गांव की मुस्लिम परिवार में देखने को मिली जहाँ हिंदू समाज की महिला को बहन बनाकर पिछले 30 सालों से भाई का हर फर्ज अदा कर रहा एक मुस्लिम समाज का भाई जिले में कौमी एकता की मिशाल बना हुआ है। कोई सगा भाई भले ही बहन को भाईदूज पर तिलक कराना और रक्षाबंधन पर राखी बंधवाना भूल सकता है लेकिन यह भाई मुंह बोला और मुस्लिम होते हुए भी मुश्किल से मुश्किल परिस्थितियों में त्योहारों पर बहन को याद करना नहीं भूलता। साथ ही अपनी बहन के यहां होने वाली हर शादी-विवाह या दूसरे कार्यक्रमों में भात-पछ देना और सामाजिक रीति-रिवाजों को पूरा



करना भी नहीं भूलता। इसकी चर्चा अब पूरे जिले भर में होने लगी है।

हम बात कर रहे हैं जिले के कोटरा गांव निवासी 59 वर्षीय निजामुद्दीन खान की, जिन्होंने 1994 में अपनी बहन का इंतकाल हो जाने के बाद आदिवासी समाज की महिला गजरी आदिवासी को मुंहबोली बहन बना लिया। तब से लेकर अभी तक वह भाई का हर फर्ज अदा करते चले आ रहे हैं। रविवार को भी भाईदूज पर वह अपनी बहन गजरी आदिवासी की ससुराल सेमल्दा गांव पहुंच गए और बहन से माथे पर मंगल तिलक लगवाकर आशीर्वाद लिया। निजामु?द्दीन बताते हैं कि जब उनकी बहन की मौत हुई थी, उसी दौरान , तभी से वह उन्हें अपनी बहन मानते हैं और वह हर रक्षाबंधन से लेकर भाईदूज व अन्य त्योहारों पर हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार अपनी बहन के हर कार्यक्रम में शामिल होते हैं। उनकी मुंह बोली वहन के यहां जब भी शादी होती है तो वह भात लेकर और बच्चा होने पर पछ लेकर पहुंच जाते हैं। गजरी उनकी सगी बहन की तरह ही है वह भले ही मुस्लिम वर्ग से संबंध रखते हैं लेकिन वह अपनी वहन के सभी कार्यक्रमों में शामिल होना कभी नहीं भूलते वह आजीवन गजरी के भाई वनकर अपना कर्तव्य निभाएंगे और उनके बच्चे भी मामा-बुआ की तरह ही रिश्तों को निभा रहे हैं।

मेरे पिता और हम हमारी बुआ के यहां तिलक करवाने, राखी बंधवाने हर बार जाते है। हमें वहुत अच्छा लगता है। वह भले ही दूसरे समाज से हैं और मुहवोली है लेकिन, हमें ऐसा कभी नहीं लगा कि, वह हमसे अलग है। वह हमें सगी बुआ से भी ज्यादा स्नेह करती है।

**राजा खान,**
**निजामुद्दीन के बेटे**

# 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों में से कोई एक भी दिखाकर मतदाता कर सकेंगे मतदान

**श्योपुर।** यदि किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में दर्ज है, परंतु उसके पास किसी वजह से मतदाता परिचय पत्र उपलब्ध नहीं है, तो भी वह मताधिकार का उपयोग कर सकेगा। मतदाता परिचय पत्र के अलावा 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज दिखाकर मतदान कर सकेंगे। इसी प्रकार यदि किसी कारण से किसी नागरिक को मतदाता सूचना पर्ची प्राप्त नहीं होती है, लेकिन उसका नाम मतदाता सूची में दर्ज है तो भी वह मतदान कर सकेगा।

आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार जो मतदाता वोटर आईडी कार्ड प्रस्तुत करने में सक्षम नहीं हैं, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान दस्तावेजों में से कोई एक दिखाना होगा। उन्होंने बताया कि 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान दस्तावेजों में आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटो सहित पेंशन दस्तावेज, केंद्र, राज्य सरकार, पीएसयू, सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक, डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के तहत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों, विधायकों, एमएलसी को जारी किए गए आधिकारिक पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसेबिलिटी आईडी शामिल है। अप्रवासी भारतीय मतदाताओं (एनआरआई) को केवल पहचान के लिए अपना मूल पासपोर्ट दिखाना होगा। यदि ईपिक में किसी मतदाता के फोटोग्राफ आदि का मिलान न हो पाने के कारण मतदाता की पहचान करना संभव नहीं है, तो उस मतदाता को उपरोक्त 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों में से कोई एक दिखाना होगा।

# मतदान केन्द्रों पर रहेगी कैमरो की नजर

**श्योपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री किशोर कुमार कन्याल ने कहा है कि विधानसभा क्षेत्र विजयपुर के सभी मतदान केन्द्रों को कैमरो से कवर किया गया है, यहां होने वाली हर गतिविधियों पर कैमरो की नजर रहेगी। मतदान केन्द्र में मतदान बूथ को छोडकर अन्दर-बाहर का परिसर कैमरो की निगरानी में रहेगा। सभी मतदान केन्द्रो पर वेब कैमरे लगाये जा रहे है, जिनकी लाइव टेलीकास्टिंग कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में लगाई जाने वाली स्क्रीनो पर देखी जा सकेगी। विजयपुर विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदान केन्द्रों को वेब कास्टिंग से जोडा गया है।

कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल ने कहा है कि विधानसभा क्षेत्र विजयपुर में 327 मतदान केन्द्र है, जिनमें से मतदान केन्द्र क्र. 15 बागचा विस्थापित होने से अब वर्तमान में मतदाता विहिन है। इसे छोडकर सभी मतदान केन्द्रों को वेब कैमरो, सीसी टीवी एवं वीडियो कैमरो से कवर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन मतदान केन्द्र के अन्दर मतदान बूथ को छोडकर तथा मतदान के परिसर की निगरानी के लिए यह कैमरे लगाये जा रहे है। किसी भी प्रकार की अवांछित गतिविधियां सामने आने पर तत्काल कार्यवाही की जायेगी।

## बीएलओ द्वारा वोटर इन्फोर्मेशन स्लिप का वितरण शुरू

**श्योपुर।** श्योपुर जिले के विजयपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 13 नवंबर को होने वाले मतदान के लिए बीएलओ द्वारा मतदाताओं को वोटर इन्फोर्मेशन स्लिप वितरण का कार्य आज 3 नवंबर से शुरू हो गया है। बीएलओ को 8 नवंबर तक अपने-अपने मतदान केन्द्र में आने वाले मतदाताओं को वोटर पर्ची का वितरण कार्य पूर्ण करना होगा। इस संबंध में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी भोपाल द्वारा दिशा-निर्देश जारी किये गये है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री किशोर कुमार कन्याल ने बीएलओ को निर्देश दिये है कि अपने-अपने मतदान केन्द्र अंतर्गत मतदाताओं को वोटरपर्ची का वितरण सुनिश्चित करें।

# पालक महासंघ ईकाई गोहद की कार्यकारिणी घोषित

## -करारिया अध्यक्ष, राजपूत मीडिया प्रभारी नियुक्त

गोहद। पालक महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं ग्वालियर एवं चम्बल संभाग प्रभारी भूपेंद्र सिंह कराना एवं जिला अध्यक्ष धीरज गुप्ता की अनुशंसा एवं प्रदेश कार्यकारिणी की सहमति पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष कमल विश्वकर्मा के निर्देशानुसार प्रदेश महासचिव प्रबोध पंड्या द्वारा संगठन की तहसील इकाई गोहद की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया है।





इसमें उनके द्वारा ब्लाक अध्यक्ष महेश करारिया रिटायर्ड फौजी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नामधारी सिंह दिनकर, उपाध्यक्ष धमेंद्र सिंह, सचिव रामवीर सिंह, सहसचिव देव सिंह जाटव, संरक्षक अंतराम प्रजापति, कानूनी सलाहकार एड. अनिल कुमार, सलाहकार मुकेश कुमार उपरेती, तहसील मीडिया प्रभारी ऊदल सिंह राजपूत, सह मीडिया प्रभारी सतीश, कोषाध्यक्ष अरुण शर्मा, सह कोषाध्यक्ष विजय कुमार बघेल आदि पदाधिकारियों को आगामी आदेश तक नियुक्त किया गया है। साथ ही प्रदेश महासचिव पंड्या पालक महासंघ ने सभी पदाधिकारियों से आशा व्यक्त करते हुए कहा है कि आप लोग शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों एवं अभिवावकों के हितों की आवाज बनकर संगठन को गति प्रदान करेंगे।

# बहनों ने भाइयों को किया तिलक, मांगी लम्बी उम्र की दुआ

## -जिले भर में हर्षोल्लास से मनाया गया भाई दूज का त्योहार

**भिण्ड।** दीपावली के बाद कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितिया को मनाया जाने वाला भाई दूज का त्योहार प्रेम और सौहार्द के साथ रविवार को मनाया गया। बहनों ने पूजा और कथा आदि कराकर भाईयों की लंबी आयु और समृद्धि की कामना करते हुए उनके माथे पर तिलक लगाया और मुहं मीठा कराया, इसके बदले भाई उनकी रक्षा का संकल्प लेते हुए तोहफे दिए।

भाई दूज के इस त्योहार को भाई-बहन के बंधन और प्रेम के लिए जाना जाता है, इसलिए इस पावन त्योहार का नाम भी इसी तरह रखा गया है।

भाई दूज को लेकर यह मान्यता प्रचलित है कि इस दिन भाई को तिलक लगाकर प्रेम पूर्वक भोजन कराने से परस्पर तो प्रेम बढ़ता ही है, साथ ही साथ भाई की उम्र भी लम्बी होती है। शास्त्रों के अनुसार इस दिन यमुना जी ने अपने भाई यमराज से वचन लिया था, उसी के अनुसार भाई दूज मनाने से यमराज के भय से मुक्ति मिलती है और भाई की उम्र और वहन के सौभाग्य में वृद्धि होती है।



भगवान सूर्य नारायण की पत्नी का नाम छाया था। उनकी कोख से यमराज तथा यमुना का जन्म हुआ था। यमुना यमराज से बड़ा स्नेह करती थी। वह उससे बराबर निवेदन करती कि इष्ट मित्रों सहित उसके घर आकर भोजन करो। अपने कार्य में व्यस्त यमराज बात को टालता रहा। कार्तिक शुक्ला का दिन आया। यमुना ने उस दिन फिर यमराज को भोजन के लिए निमंत्रण देकर, उसे अपने घर आने के लिए वचनबद्ध कर लिया। यमराज ने सोचा कि मैं तो प्राणों को हरने वाला हूं। मुझे कोई भी अपने घर नहीं बुलाना चाहता। बहन जिस सद्भावना से मुझे बुला रही है, उसका पालन करना मेरा धर्म है। बहन के घर आते समय यमराज ने नरक निवास करने वाले जीवों को मुक्त कर दिया। यमराज को अपने घर आया देखकर यमुना की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उसने स्नान कर पूजन करके व्यंजन परोसकर भोजन कराया। यमुना द्वारा किए गए आतिथ्य से यमराज ने प्रसन्न होकर बहन को वर मांगने का आदेश दिया। यमुना ने कहा कि भाई, आप प्रति वर्ष इसी दिन मेरे घर आया करो। मेरी तरह जो बहन इस दिन अपने भाई को आदर सत्कार करके टीका करें, उसे तुम्हारा भय न रहे। यमराज ने तथास्तु कहकर यमुना को अमूल्य वस्त्राभूषण देकर यमलोक की राह ली। इसी दिन से इस पर्व की परम्परा बनी। ऐसी मान्यता है कि जो आतिथ्य स्वीकार करते हैं, उन्हें यम का भय नहीं रहता, इसीलिए भाई दूज को यम द्वितीया कहते हैं और यमराज तथा यमुना का पूजन किया जाता है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**भिण्ड।** लहार के पृथ्वीपुरा से उत्तरप्रदेश के नदीगांव जा रहे व्यक्ति की सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसा शनिवार रात करीब 8 बजे लहार-दबोह मुख्य मार्ग पर हुआ। गांव जाते समय चिरौली के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार को टक्कर मार दी। नदीगांव निवासी विजय बाबू (50) पुत्र देवीप्रसाद शाक्यवार लहार के पृथ्वीपुरा में ससुराल आए थे। घर पर मुलाकात बाद वह बाइक से अपने गांव नदीगांव लौटकर रहा था। इस दौरान चिरौली गांव के पास अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, इससे वह सड़क किनारे जा गिरा। आधे घंटे बाद राहगीरों ने इसकी सूचना लहार पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल को सिविल अस्पताल पहुंचाया। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक पेशे से प्लंबर था।

# केन्द्रीय जेल में मनी भाईदूज, बहनों ने कैदी भाइयों को किया तिलक, आंसू झलके

ग्वालियर। रविवार को केन्द्रीय जेल के बंदियों से भाईदूज के पावन अवसर पर उनकी माता-बहनों व छोटे बच्चों ने मुलाकात की। इस अवसर पर बहनों ने अपने भाईयों के माथे पर तिलक लगाया और हर्षोल्लास व शांतिपूर्वक भाईदूज का त्यौहार मनाया। जेल अधीक्षक विदित सिरवैया ने बताया कि केन्द्रीय जेल के 2300 बंदियों की माता-बहनों एवं बच्चों से प्रत्यक्ष मुलाकात कराई गई। इस अवसर पर इन बंदियों की माता-बहनों व बच्चों सहित मिलाकर लगभग 7500 परिजन उपस्थित हुए।



रविवार को बड़ी संख्या में सेन्ट्रल जेल पहुंची बहनों ने अपने कैदी भाइयों को तिलक कर भाई दूज मनाई। जेल में ही बने लड्डू से बहन और भाइयों ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया। जेल प्रशासन ने बाहर से कोई भी मिठाई अंदर लाने की परमिशन नहीं दी थी है। जेल में बंदी भाइयों को तिलक करने आई बहनों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी न हो इसके लिए खुली जेल मैदान में टेंट लगाकर भाईदूज की मुलाकात कराई गई। सुबह करीब 9 बजे से बहनों का सेंट्रल जेल पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। केंद्रीय जेल पहुंची बहन अपने भाइयों के माथे पर तिलक कर उनके साथ बैठकर उनका हाल-चाल जाना। लंबे अर्से बाद बहनों को देख भाइयों की आंखे झलक आई। आसपास के जिलों के अलावा कई बहनें हरियाणा और सतना से भी ग्वालियर की जेल आई। जेल में बंद भाइयों के माथे पर तिलक करते वक्त बहन-भाई दोनों के आंसू छलक आए। जेल में बने लड्डू से बहन और भाइयों ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया। जेल प्रशासन ने बाहर से कोई भी मिठाई अंदर ले जाने की परमिशन नहीं दी। जेल प्रबंधन ने बंदी भाइयों को तिलक करने आने वाली बहनों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी न हो, इसके लिए खुली जेल मैदान में टेंट लगाकर भाईदूज की मुलाकात कराई।

जेल में भाईदूज पर मिलने आने वाली महिलाओं को अपने साथ खानपान का सामान लाने जाने पर प्रतिबंधित किया गया था। जेल में सुबह से ही हजारों बहनों ने पहुंच कर अपने भाई को तिलक कर भाई-बहन के इस त्योहार को मनाया। इस दौरान जेल में पुरुषों के प्रवेश पर पूरी तरह प्रतिबंध रहा। जेल में सजा काट रहे बंदियों के लिए जेल प्रबंधन ने त्योहार में खाने की व्यवस्था की थी। भाई दूज के त्योहार पर जेल में बंदियों के लिए पूड़ी, सब्जी के साथ ही खीर बनाई गई थी। यह खाना जेल में बंद अन्य कैदियों ने बनाया। भाई दूज पर जब बहन अपने भाइयों को तिलक करेंगी तो उसके लिए लड्डू बनाए गये थे, जिन्हें बहनों ने जेल परिसर से ही खरीदकर अपने भाईयों का मुंह मीठा कराया।

# अनुमति से अधिक निर्माण निगम ने किया धराशायी



**ग्वालियर।** वार्ड 50 स्थित लड्डू वाली गली जामदार खाने में अनुमति से अधिक भवन निर्माण की शिकायत मिलने पर निगम अमले द्वारा अनुमति के विरुद्ध किए गए निर्माण कार्य की तुड़ाई की गई। भवन अधिकारी पवन शर्मा ने बताया कि जामदार खाने में भवन स्वामी सदाशिव राव पंढरीनाथ, दिलीप, कमलाकर एवं श्रीमती सुशीला द्वारा अनुमति से अधिक भवन निर्माण की शिकायत निगम आयुक्त अमन वैष्णव को मिलने पर निगमायुक्त के निर्देश पर रविवार को निगम अमले द्वारा अनुमति के विरुद्ध किए गए तीसरे मंजिल के निर्माण कार्य की तुड़ाई की गई तथा भवन स्वामी को चेतावनी दी गई कि अनुमति के अनुसार ही भवन निर्माण करें। मदाखलत अमले ने गैस कटर से छत के सरियों को काटा तथा मदाखलत कर्मियों ने घन व हथोड़ों की मदद से बिना अनुमति बनी चौथी मंजिल की छत को धराशायी कर दिया। कार्रवाई के दौरान क्षेत्राधिकारी सतेन्द्र सोलंकी व मदाखलत अधिकारी केशव सिंह चौहान भी मौजूद रहे।

# मुख्य मार्ग एवं अन्य सभी क्षेत्रों में चला विशेष स्वच्छता अभियान, कचरा ठिए कराए गए साफ



**ग्वालियर।** दीपावली के पावन पर्व के बाद आज रविवार को शहर के सभी प्रमुख मार्गो एवं अन्य विभिन्न क्षेत्रों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर कचरा ठिए साफ किए गए तथा आम नागरिकों को कचरा डोर टू डोर वाहन में डालने के प्रति जागरूक किया गया।

उपायुक्त अमर सत्य गुप्ता ने बताया कि नगर निगम आयुक्त अमन वैष्णव के निर्देशन में ग्वालियर शहर को साफ व स्वच्छ शहर बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किया जा रहे हैं तथा नगर निगम के स्वास्थ्य अमले द्वारा भी निरंतर सभी क्षेत्रों में साफ सफाई अभियान चलाकर आम नागरिकों और विभिन्न क्षेत्रों के जनप्रतिनिधियों तथा समाजसेवियों को साथ में जोड़कर स्वच्छता के प्रति आम नागरिकों को भी जागरूक किया जाता है। अभी वर्तमान में दीपोत्सव के पर्व को देखते हुए शहर के सभी क्षेत्रों को कचरा मुक्त किया गया तथा अब दीपावली पर अवकाश के पश्चात पुणे आज रविवार को निगम के स्वास्थ्य अमले द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया गया और विशेष साफ सफाई कर कचरा ठिए साफ कारण तथा प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्र एवं सड़क पर झाड़ू लगवा कर कचरा एकत्रित कराया गया। इसके साथ ही निगम के अमले द्वारा सभी क्षेत्र वासियों से आग्रह भी किया गया कि अपने घर दुकान से निकलने वाले प्रतिदिन के कचरे को आपके क्षेत्र में आने वाली डोर टू डोर वाहन में ही डालें। जिससे हमारे शहर की सड़क स्वच्छ रहे तथा ग्वालियर शहर भी देश का सबसे साफ व स्वच्छ शहर बने।

## श्री अचलेश्वर महादेव सार्वजनिक न्यास का अन्नकूट प्रसादी वितरण सोमवार को



**ग्वालियर।** श्री अचलेश्वर महादेव सार्वजनिक न्यास ने सभी धर्मप्रेमी जनता से आग्रह किया है कि श्री अचलेश्वर महादेव सार्वजनिक न्यास का अन्नकूट प्रसादी का वितरण सोमवार पांच नवंबर 24 को सायं 5 बजे से रात्रि 10 बजे तक किया जाएगा। जो भी भक्त गण कूपन से प्रसादी ग्रहण करना चाहते है वह कूपन पहले ही प्राप्त कर प्रसादी ग्रहण करें क्योंकि रात्रि हो जाने के कारण महिलाएं गुजुर्ग एवं बच्चों को रात्रि हो जाने पर परेशानी हो सकती है। कूपन के लिए समिति के वीरेन्द्र शर्मा एवं सुदामा शर्मा से संपर्क किया जा सकता है।

# उचित मूल्य की दुकानों के खिलाफ केवल कार्रवाई ही नहीं नियमित राशन वितरण भी कराएँः कलेक्टर

ग्वालियर । राशन वितरण में अनियमितता बरत रहीं उचित मूल्य की दुकानों के संचालकों के खिलाफ एफआईआर कराने के बाद चुप न बैठकर यह सुनिश्चित करें कि सभी पात्रता पर्चीधारियों को हर माह नियमित रूप से राशन मिल जाए। इस काम में ढ़िलाई पर संबंधित सहायक आपूर्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। यह बात कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने समाधान ऑनलाइन में चिन्हित शिकायतों के निराकरण की समीक्षा के दौरान कही। उन्होंने भितरवार व डबरा क्षेत्र में राशन वितरण संबंधी शिकायतों का ठीक ढंग से निराकरण न पाए जाने पर नाराजगी जताई और इस क्षेत्र के सहायक आपूर्ति अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।




बैठक से मोबाइल फोन के जरिए कलेक्टर ने भितरवार विकासखंड के ग्राम धोबट निवासी राशन हितग्राही गजेन्द्र सिंह से बात करवाकर शिकायत निराकरण की वस्तुस्थिति जानी। हितग्राही द्वारा यह बताए जाने पर कि उचित मूल्य के दुकानदार द्वारा उन्हें नियमित रूप से राशन नहीं दिया जा रहा है। इस पर कलेक्टर श्रीमती चौहान ने सख्त नाराजगी जताई और उस क्षेत्र के सहायक आपूर्ति अधिकारी को भी जवाबदेह मानकर उसके खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से संबंधित शिकायतों का अभियान बतौर निराकरण करने के निर्देश सभी एसडीएम एवं अन्य राजस्व अधिकारियों को दिए। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि यदि सीमांकन एवं नामांकन प्रकरणों का विधिक प्रक्रिया का पालन कर सही-सही निराकरण कर दिया गया है इसके बाबजूद भी यदि कोई शिकायतकर्ता संतुष्ट नहीं है तो पोर्टल पर निराकरण का विस्तृत ब्यौरा अपलोड करें।

# आयुष्मान कार्ड बनाने के लिये अस्पतालों, लोक सेवा व जनमित्र केन्द्रों में अलग खिड़की खोलेंः कलेक्टर

**ग्वालियर ।** सत्तर वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिये जिले के सभी प्राथमिक व सामुदायिक अस्पताल, जिला चिकित्सालय एवं जेएएच में अलग से खिड़की निर्धारित करें। साथ ही लोक सेवा केन्द्र, शहर के जनमित्र केन्द्र, जोनल ऑफीसर कार्यालय, स्मार्ट सिटी कार्यालय इत्यादि दफ्तरों में भी आयुष्मान कार्ड बनाने के लिये अलग से खिड़की खोली जाए। इस आशय के निर्देश कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने बेनीफिसरी एप (आयुष्मान एप) व आयुष्मान पोर्टल का व्यापक प्रचार-प्रसार करने पर भी बल दिया, जिससे वरिष्ठ नागरिक अपने घर पर ही मोबाइल फोन के माध्यम से आयुष्मान कार्ड बनवा सकें।

रविवार को कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित हुई बैठक में कलेक्टर श्रीमती चौहान ने कहा कि सरकार द्वारा लिए गए निर्णय के तहत ऐसे सभी वरिष्ठ नागरिक जिनकी आयु 70 वर्ष से अधिक है उन सभी के आयुष्मान कार्ड बनाए जाने हैं। इसमें बीपीएल इत्यादि का कोई बंधन नहीं है। इसलिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं के परिजन, कार्यालयों में पदस्थ कामगारों के परिजन तथा आर्थिक रूप से कमजोर



परिवारों के वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड प्राथमिकता के आधार पर और अभियान बतौर बनवाएँ। साथ ही 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी अन्य वरिष्ठ नागरिकों के कार्ड बनाए जाएँ। उन्होंने आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट मांगी है। बैठक में जानकारी दी गई कि जिले में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य मिशन योजना के तहत 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के एक लाख 91 हजार 963 वरिष्ठ नागरिक पात्रता में आते हैं। ये सभी वरिष्ठ नागरिक समग्र आईडी और आधारकार्ड के आधार पर अपने आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं। आयुष्मान कार्ड बनने पर 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के सभी वरिष्ठ नागरिक साल भर में पाँच लाख रूपए तक का निःशुल्क इलाज कराने के हकदार हो जायेंगे। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती अंजू अरुण कुमार व टीएन सिंह, अपर आयुक्त निगम मुनीष सिकरवार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सचिन श्रीवास्तव मौजूद थे। बैठक में जानकारी दी गई कि जिले में 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिये 4 से 11 नवम्बर तक विशेष अभियान चलाया जायेगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सचिन श्रीवास्तव ने बैठक में जानकारी दी कि आयुष्मान कार्ड बनाने का काम जिला चिकित्सालय व मेडीकल कॉलेज सहित अन्य स्वास्थ्य केन्द्रों एवं लोक सेवा केन्द्रों में किया जायेगा। साथ ही वरिष्ठ नागरिक एमपी ऑनलाइन कियोस्क अथवा घर बैठे राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के बेनीफिसरी एप (आयुष्मान एप) व आयुष्मान पोर्टल के माध्यम से भी आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं।

## संपादकीय

# जिम्मेदारी का करें अहसास

पहले से ही उम्मीद थी कि दीपावली के बाद प्रदूषण के स्तर में वृद्धि होगी, वैसा हुआ भी। पहले से ही दिल्ली व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में प्रदूषण का संकट बढ़ा हुआ था। सुप्रीम कोर्ट की तल्ख टिप्पणियां बार-बार हमारा ध्यान खींचती रहीं। पिछले दिनों खबर आई कि दिल्ली दुनिया की सर्वाधिक प्रदूषित राजधानी है। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार देश के सर्वाधिक प्रदूषित 32 शहरों में ग्यारह हरियाणा के हैं। यही वजह है कि पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र व राज्य सरकारों को फटकार लगाई कि प्रदूषण रोकने के लिये जमीनी स्तर पर प्रयास न के बराबर हैं। दरअसल, इस मौसम में हर साल ठंड शुरू होते ही हवा की दशा-दिशा में बदलाव के साथ ही आसमान में धुएं की परत जमने लगती है। यही वजह है कि पराली संकट व अन्य कारणों से बढ़ते प्रदूषण से चिंतित सुप्रीम कोर्ट को कहना पड़ा कि प्रदूषण मुक्त वातावरण में रहना नागरिकों का मौलिक अधिकार है। लेकिन एक हकीकत यह भी है कि सिर्फ सरकारी प्रयासों से ही प्रदूषण की समस्या का समाधान संभव नहीं है। यह स्थिति तभी बदलेगी जब लोगों की तरफ से भी ईमानदार पहल होगी। अब चाहे बात राष्ट्रीय सरोकारों की हो, पानी संकट की हो या फिर प्रदूषण की हो। जब नागरिकों को अहसास होगा कि बिना पटाखे छुड़ाए भी खुशी मनायी जा सकती है तो हम समाज के लोगों, जीव-जंतुओं व पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सार्थक प्रगति कर सकेंगे। बात तब बनेगी जब हम बच्चों के पाठ्यक्रम में यह बात शामिल करेंगे कि उनके भविष्य के लिये पर्यावरण, पानी व हवा की रक्षा कितनी जरूरी है। बच्चों को अहसास कराएं कि जिस तरह से बड़े लोग पानी का दुरुपयोग कर रहे हैं, उससे उनके भविष्य के लिये पानी का संकट गहरा हो जाएगा। इसके लिये टीवी, प्रिंट मीडिया व सोशल मीडिया के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाये जा सकते हैं। इस अभियान में सूचना माध्यमों की भी जवाबदेही तय करने की जरूरत है। दरअसल, ग्रीन ट्रिब्यूनल या अन्य प्रदूषण नियंत्रक संस्थाएं अकसर राज्यों के सचिवों व अधिकारियों को दंडित करने की बात करती हैं, लेकिन इससे समस्या का समाधान संभव नहीं है। दरअसल, जब तक नागरिकों व किसानों को जागरूक -जवाबदेह नहीं बनाया जाएगा, तब तक स्थिति में बदलाव संभव नहीं है। हम भूल जाते हैं कि इस संकट को बढ़ाने में राजनीति की बड़ी भूमिका है। किसानों के मुद्दों को जोरशोर से उठाकर श्रेय लेने वाले राजनेताओं की जवाबदेही तय होनी चाहिए। दरअसल, बंपर पैदावार का श्रेय लेने वाले राजनेता तब कहां चले जाते हैं जब पराली जलाने का संकट पैदा होता है? सही मायनों में जहां पराली जलाने की घटनाएं ज्यादा होती हैं, वहां क्षेत्र के विधायकों की भी जवाबदेही तय की जानी चाहिए। उनके खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए कि वे क्षेत्र के किसानों को जागरूक क्यों नहीं कर पाते। क्यों वे पराली के निस्तारण के वैकल्पिक संसाधन उपलब्ध कराने में किसानों का सहयोग नहीं करते? विडंबना यही है कि वे वोट की राजनीति के प्रलोभन में पराली जलाने के खिलाफ आवाज उठाने में चुप्पी साध लेते हैं। उनके खिलाफ भी तो लापरवाही के मामले दर्ज होने चाहिए। वहीं यह भी हकीकत है कि प्रदूषण संकट के मूल में सिर्फ पराली समस्या ही नहीं है। हमारी उपभोक्ता संस्कृति, वाहनों का अंबार, सार्वजनिक यातायात सुविधा का पर्याप्त न होना, अनियोजित निर्माण कार्य, जीवाश्म ईंधन का प्रयोग तथा कूड़े का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण न होना भी प्रदूषण संकट के मूल में है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिये व्यापक स्तर पर जनजागरण अभियान चलाने, शैक्षिक पाठ्यक्रम में प्रदूषण-पर्यावरण के मुद्दे शामिल करने तथा तंत्र की जवाबदेही तय करना प्राथमिकता होनी चाहिए। यदि हम ऐसा करें तो साल-दर-साल बढ़ते प्रदूषण संकट पर किसी तरह लगाम लगाने में हम कामयाब हो सकते हैं।

# रांगोली प्रतियोगिता का हुआ आयोजन, विजेताओं को दिये पुरस्कार





**नागदा जं.( चम्बल नवराष्ट्र )** सामाजिक नारी संगठन द्वारा आयोजित रांगोली प्रतियोगिता का आयोजन 30 अक्टुबर को किया गया था। जिसके पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम शुक्रवार को दोपहर 2 बजे गौशाला पाल्या रोड पर रखा गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सर्वब्राम्हण समाज के संरक्षक गुलजारीलाल त्रिवेदी, गोशाला समिति के अध्यक्ष पारस पोखरना, समाजसेवी रमेशचन्द्र पाल, पूर्व पार्षद आशीष व्होरा, समाजसेवी सुनील त्रिवेदी, श्याम प्रेमी से राधा पांचाल थी। समिति ने सभी अतिथियों का दुपटटा व तिलक लगाकर स्वागत किया। सभी अतिथियों ने दीपावली की शुभकामनाएं प्रेषित की।

रांगोली प्रतियोगिता में सभी प्रतियोगियों को शुभकामनाएं दी। रांगोली प्रतियोगिता में प्रथम पुरूस्कार प्रगति सिंह, द्वितीय पुरूस्कार रूपाली पोरवाल, निर्मला, दर्शित चौहान, तृतीय पुरूस्कार अंजली कोटवार, आरोही व कविता कुमावत को प्राप्त हुए। समिति ने कुल 110 परस्कार वितरित किये। पुरस्कार पाकर सभी के चेहरे पर खुशी दीपावली की दुगुनी हो गई। प्रथम विजेता प्रगति सिंह ने कहा कि यह पुरस्कार मेरे जीवन के लिए अमूल्य है यह मेरे लिये यादगार पल है। रूपाली पोरवाल ने कहा कि रांगोली के माध्यम से हम समाज में कई प्रकार के महत्वपूर्ण संदेश दे सकते है। रांगोली भी समाज में बदलाव लाने का कार्य करती है।

इस अवसर पर मुख्य रूप से अशोक कछावा, पुरूषोत्तम पुरोहित, राजेश पोरवाल, नागेश्वरी पाल, माया कछावा, नीता पोरवाल, आशा पोरवाल, सीमा बिफोर, ममता पांचाल, विद्या अग्रवाल, दिव्या सारस्वत उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सीमा सारस्वत ने किया एवं आभार पुरूषोत्तम सारस्वत ने माना।

# बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर स्मारक पर पी .एच. डी. प्राप्त दौलत पटेल ने माल्यापर्ण किया

**अशोक चौहान**

**महू( चम्बल नवराष्ट्र )** आज महू में इंदौर जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष आदरणीय दौलत पटेल ने "LAW में PHD" हासिल करने पर भारत के लोकप्रिय विधिविद्धेता, राजनीतिज्ञ विशेषज्ञ, अर्थशास्त्री, बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की इस जन्मभूमि पर आकर उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण किया एवं उनकें द्वारा बताये गए सिद्धांतों पर चलने का वचन लिया।



इस अवसर पर युवक कांग्रेस महू के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ता द्वारा दौलत पटेल का भी पुष्पमालाओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया ,इसमें गर्जेद्रसिंह राठौर, सद्दाम पटेल, ओम पटेल, राहुल गेहलोद, प्रवीण पाटिल, अशोक चौहान उपसरपंच, भारत सिंह ठाकुर शाकिर खान, अरविन्द गुणावद, विशाल शर्मा, छात्रनेता अभिषेक यादव, मुस्तकीम कुरैशी, दीगपालसिंह तोमर, विनोद भार्गव, विष्णु गुर्जर, अरुण गुर्जर, रोहित अग्रवाल, आयुष शर्मा, जाकिर पटेल, दिनेश राठौर, विक्रमसिंह, अभिषेक पटेल सहित युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता आदि उपस्थित रह कर डॉ. दौलत पटेल का स्वागत किया।

# रुद्राभिषेक कर मनाया विधायक ने जन्मदिन





**पवन वर्मा**

**आष्टा (चम्बल नवराष्ट्र)** स्थानीय विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर का जन्मदिन विधानसभा क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया, इस अवसर पर नगर सहित ग्रामीण अंचलों में तुला दान, स्वागत आयोजन, स्नेहभोज सहित कई कार्यक्रम आयोजित हुए।

प्रात: काल की बेला में विधायक ने प्राचीन शंकर मंदिर पहुंच कर रुद्राभिषेक किया तत्पश्चात राम मंदिर में दर्शन कर जन्मोत्सव कार्यक्रमों का शंखनाद करते हुए मित्रमंडली के साथ दंगल के आयोजन में सम्मिलित हुए।

विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने अपने जन्मदिन के अवसर पर अपनी विधानसभा क्षेत्र की जनता का आशीर्वाद लिया। जहां उनका अलीपुर, जावर, ओडी चौपाटी, आमला जोड़, जावर जोड़ सहित कई स्थानों पर स्वागत एवं तुलादान किया गया, मुख्य आयोजन स्थानीय गोकुल धाम गार्डन में आयोजित किया गया जहां जिले एवं विधानसभा के वरिष्ठ नेता और आशीर्वाद दाताओं ने पहुंच कर श्री सिंह को आशीर्वाद दिया, इस अवसर पर गोकुल धाम में श्री धाम सरकार, भाजपा जिला महामंत्री धारासिंह पटेल, सकल समाज संयोजक अनिल श्रीवास्तव, नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि राय सिंह मेवाड़ा, महिला मोर्चा अध्यक्षा ऋतु आनंद जैन, पूर्व मार्केटिंग अध्यक्ष कृपाल सिंह पटाड़ा, यूवा मोर्चा अध्यक्ष मनीष धारवा, युवा मोर्चा महामंत्री पवन वर्मा, व्यापार महासंघ अध्यक्ष रूपेश राठौर, व्यापार महासंघ प्रवक्ता एवं आष्टा आईटी एसोसिएशन अध्यक्ष दीपक जैन ग्लोबल, भाजपा के वरिष्ठ नेता पंकज नाकोड़ा, किराना संघ के पूर्व अध्यक्ष जादूगर ग्रुप के संयोजक पंकज राठी, राहुल नवकार संतोष जायसवाल, शुभम सोनी, विशाल चौरसिया, रवि शर्मा सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने गोकुलधाम पहुंच कर शुभकामनाएं दी एवं स्नेहभोज में सम्मिलित हुए।

# उज्जैन में कालिदास समारोह के पहले पूर्वरंग की तैयारी: गढ़कालिका मंदिर में 500 विद्यार्थी करेंगे श्यामला दंडकम पाठ

**उज्जैन (चम्बल नवराष्ट्र)।** उज्जैन में 66वें अखिल भारतीय कालिदास समारोह के पहले 500 विद्यार्थी श्यामला दंडकम स्तोत्र पाठ करेंगे। समारोह के विधिवत शुभारंभ के पहले पूर्वरंग कार्यक्रम के तहत 10 नवंबर को मां गढ़कालिका माता मंदिर के आंगन में महाकवि कालिदास द्वारा रचित श्यामला दंडकम स्तोत्र का पाठ होगा। इस दौरान करीब 121 छात्राएं भी सस्वर पाठ करेंगी। माँ गढ़कालिका की पूजन-आराधना के बाद कालिदास समारोह का शुभारंभ माना जाएगा।अखिल भारतीय कालिदास समारोह का विधिवत शुभारंभ देव प्रबोधिनी एकादशी 12 नवंबर को किया जाएगा। शुभारंभ के पहले दो दिन का पूर्वरंग कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। जिसके तहत 10 नवंबर रविवार को करीब 500 स्कूली विद्यार्थी व बटुकों द्वारा पहली बार मां गढ़कालिका माता मंदिर पर श्यामला दंडकम स्तोत्र का पाठ करेंगे। इस दौरान अकादमी के अधिकारियों के अलावा संस्कृत विद्वान, संस्कृति कर्मी, गणमान्य जन भी गढ़कालिका माता की आराधना कर कालिदास समारोह की सफलता की कामना करेंगे।



**महाकवि कालिदास द्वारा रचित है श्यामला दंडकम स्तोत्र**- अकादमी निदेशक डॉ. गंदे ने बताया कि महाकवि कालिदास द्वारा संस्कृत में आराध्य देवी माँ गढ़कालिका की स्तुति करते हुए श्यामला दण्डकम स्त्रोत की रचना की है। इस स्तोत्र पाठ को सस्वर करने के लिए स्कूल के विद्यार्थियों को जोड़ा गया है। विधिवत अध्ययन करने के लिए स्त्रोत पाठ की पुस्तिका छपवाकर वितरित कराई जा रही है। विद्यार्थियों को संस्कृत में लिखित स्त्रोत पाठ को सस्वर किस तरह करना है। इसको लेकर अभ्यास भी कराया जाएगा।

# आज मुहूर्त के सौदे, रविवार को मंडी पहुंचने लगे किसान, बैलगाड़ी, ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में लेकर पहुंचे उपज

**उज्जैन ( चम्बल नवराष्ट्र )।** कृषि उपज मंडी में 6 दिन के अवकाश के बाद सोमवार को शुभ मुहूर्त में नीलामी शुरू की जाएगी। मुहूर्त की बोली में शामिल होने के लिए किसान रविवार को ही बैलगाड़ी - ट्रैक्टर-ट्रॉली में सोयाबीन लेकर मंडी पहुंच गए हैं।



किसानों की संख्या अधिक होने पर मंडी समिति लॉटरी डालकर नाम निकालेगी। पिछले साल मुहूर्त में 8551 रुपए/क्विंटल सोयाबीन बिकी थी। इस बार भी सोयाबीन के भाव में तेजी रहने की उम्मीद जताई जा रही है। उज्जैन की कृषि उपज मंडी में 29 अक्टूबर से 3 नवंबर तक छह दिन का अवकाश रहा। सोमवार 4 नवंबर को मंडी खुलेगी।

# दर्शनोदय तीर्थ थूबोन जी में भगवान महावीर स्वामी का निर्वाण महोत्सव मनाया

**अशोकनगर ( चम्बल नवराष्ट्र )** जिले के सबसे बड़े जैन तीर्थ थूबोन जी पर जैन समाज द्वारा भगवान महावीर स्वामी का निर्वाण महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भगवान महावीर स्वामी के 2551 वे निर्माण महोत्सव और दीपावली के पावन पर्व के अवसर दर्शनोदय अतिशय तीर्थ थूबोन जी में आचार्य श्री विद्यासागर महाराज एवं आचार्य श्री समय सागर महाराज और निर्यापक मुनि श्री सुधासागर महाराज के आशीर्वाद से बड़े बाबा का अभिषेक किया गया। उसके बाद जगत कल्याण के लिये शांतिधारा की गई। तदोपरांत पूजन विधान के साथ निर्वाण लाडू चढ़ाया गया।

इस अवसर पर महामंत्री मनोज जैन भैंसरवास ने बताया कि सर्वप्रथम प्रथम अभिषेक अशोक जैन टिंगू परिवार को प्राप्त हुआ। द्वितीय अभिषेक चांदमल नीरज जैन गुना परिवार को प्राप्त हुआ। तृतीय अभिषेक प्रवीण तनिस जैन मामा परिवार को प्राप्त हुआ। चतुर्थ अभिषेक जितेन्द्र जैन मानव, मोदी स्टील गुना परिवार को प्राप्त हुए एवं निर्माण लाडू चढ़ाने का सौभाग्य अनिल जैन बंसल,संजीव श्रृंगार। राजेंद्र हलवाई मनोज जैन लल्ला नीरज थोबोन जी परिवार को प्राप्त हुआ विशेष शांतिधारा कर्ता परिवार ने आज शांतिधारा में अनेक भक्तों ने अपने परिवार के द्वारा पुण्य अर्जन किया केवल चंद भेसरवास ,सुमत अखाई,कैलाश जी धूर्रा,संजीव श्रृंगार , शैलेंद्र दद्दा ,प्रमोद मंगलदीप ,राजेश कक्का, एवं करीब चालीसा साधर्मी जनो ने शांतिधारा में अपना नाम देकर पुण्य का अर्जन संचय किया इस अवसर पर अध्यक्ष अशोक जैन टिंगू मील,महामंत्री मनोज जैन भेसरवास,संजीव श्रृंगार,प्रदीप रानी, शैलेंद्र दद्दा, विपिन सिंघई,अनिल बंसल प्रदीप रानी ,कृषि वैज्ञानिक डॉ वी के जैन अशोक जैन पाटनी आदि अन्य साधर्मी जन मौजूद रहे



# अशोकनगर में खुली नाली में गिरा सांड:गौसेवकों ने 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद रस्सी डालकर बाहर निकाला



**अशोकनगर।** अशोकनगर के कोलुआ रोड स्थित विवेकानंद स्कूल के सामने रविवार को एक सांड खुली नाली में गिर गया। वह लगभग 4 फीट से अधिक गहरी नाली में 2 घंटे से अधिक समय तक फंसा रहा। इसी दौरान स्थानीय लोगों ने गौ सेवकों को घटना की जानकारी दी। जिसके बाद गौ सेवा संघ के लोगों ने मौके पर पहुंचकर रस्सी डालकर उसे बाहर निकाला।

नाली में गिरने के बाद सांड ने काफी देर तक निकलने का प्रयास किया। लेकिन, उंचाई अधिक होने की वजह से वह बाहर नहीं निकल पा रहा था। वह नाली में आगे बढ़ता जा रहा था। बाहर निकलने के प्रयास में सांड के पैर फूल गये थे।

इसके बाद जब गौ सेवक मौके पर पहुंचे तो वह थक कर रुक गया था। लोगों ने रस्सी बांधकर उसे नाली से बाहर निकाल और खुले में छोड़ दिया। गो सेवक प्रसन्न ओझा ने बताया कि गोवंश ठीक है। बता दें कि, जिले भर में कई स्थानों पर नालियां खुली पड़ी हैं। नालियों की काफी गहराई है, ऐसे में कई गोवंश नालियों में गिर जाते हैं। जिसकी वजह से उन्हें निकालने के लिए लोगों को काफी जद्दोजहद करनी पड़ती है।

# फतेहगढ़ और कैंट पुलिस ने दबोचे एक दर्जन से अधिक जुआरी

**गुना।** जिले की फतेहगढ़ पुलिस द्वारा कोहन नदी के पास चल रहे जुए पर दबिश देकर चार जुआरी दबोचकर नगदी 10,700 रुपए बरामद किए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार 2-3 नव बर की रात में पुलिस को थानातर्गत कोहन नदी के पास कुछ लोगों के द्वारा जुआ खेले जाने की मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी। इस सूचना पर पुलिस की एक टीम द्वारा तत्काल कोहन नदी के पास मुखबिर की बताई जगह पर पहुंचकर देखा तो वहां पर टॉर्च की रोशनी में 3-4 लोगों के फड़ लगाकर तास-पत्तों से मांग पत्ती का खेल खेलते दिखाई देने पर पुलिस फोर्स द्वारा जिन्हें घेराबंदी कर दबोच लिया गया। जिन्होंने पूछताछ पर अपने नाम रामबाबू पुत्र फुंदीलाल यादव, हेमराज पुत्र प्रभुलाल सेन, अशोक पुत्र अमरलाल किरार एवं रामवीर पुत्र लक्ष्मण सिंह यादव निवासीगण ग्राम हमीरपुर थाना फतेहगढ़ जिला गुना के होना बताये । पुलिस द्वारा मौके से कुल 10,700 रूपये नकदी सहित ताश की एक गड्डी बरामद की। पुलिस ने स ी जुआरियों पर धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की। पुलिस की इस कार्रवाई में टीआई जयनारायण शर्मा, सउनि अनिल कदम, आरक्षक पवन शर्मा, आरक्षक हरिओम परमार, आरक्षक योगेश जाट, आरक्षक सुनील असैया, आरक्षक श्रीकांत यादव, आरक्षक राहुल यादव, आरक्षक वृजेन्द्र कुशवाह एवं आरक्षक दिव्यांश भार्गव की विशेष भूमिका रही है ।

## बाइक की टक्कर से 50 वर्षीय महिला की मौत

**अशोकनगर।** शाढ़ौरा में रविवार की सुबह एक बाइक ने पैदल जा रही महिला को टक्कर मार दी। जिसके कारण से महिला की उपचार के दौरान गुना में मौत हो गई। महिला सुबह-सुबह मंदिर से अपने घर लौट रही थी, इसी दौरान बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी।

मृतिका महिला का नाम कुसुम बाई (50) पति किशन कुशवाह निवासी अमोदा रोड़ शाढ़ौरा है। महिला ने कार्तिक महीने का व्रत रखा था। इसी वजह से हर दिन एक्सचेंज टावर के पास वाले मंदिर पर सुबह पूजा करने के लिए जाती थी। घटना के तुरंत बाद वहां मौजूद लोगों ने महिला के परिजनों को जानकारी दी। उसे उपचार के लिए तुरंत ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर जाया गया। हालत गंभीर होने पर महिला को गुना रेफर किया गया।

# बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर सलामती और दीर्घायु की कामना की

**अशोकनगर।** अशोकनगर में रविवार को भाई-बहन के प्यार का प्रतीक त्योहार भाई दूज का पर्व मनाया गया। इसी के साथ पांच दीपोत्सव के त्यौहार का समापन हो गया। भाई-दूज के अवसर पर बहनों ने अपने भाइयों के माथे पर टीका लगाकर पूजन की। साथ ही भाई के सलामती और दीर्घायु की कामना की। इस दौरान भाइयों ने भी अपनी बहनों को तोहफा भी दिए।

इस बार दीपावली का त्योहार 31 अक्टूबर को मनाया गया था। लेकिन भाई दूज का त्योहार 3 दिन बाद 2 नवंबर को मनाया गया। रविवार को सुबह से ही इस त्योहार को लेकर लोगों का आना-जाना लगा हुआ था। वहीं, बाजार में भी लोगों ने खरीदी की। कपड़ा मिठाई सहित कई दुकानों पर भीड़ रही। वहीं, कुछ जगहों पर शनिवार को भी भाई दूज का पर्व मनाया गया था।



# प्रदेश में आईपीएल की तर्ज पर होगा टेनिस क्रिकेट लीग

## जिला मुख्यालय से हुई शुरुआत; 394 खिलाड़ियों ने दिया ट्रायल

**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश में पहली बार आईपीएल की तर्ज पर टेनिस क्रिकेट लीग की शुरुआत होने जा रही है। इस क्रिकेट लीग में सिर्फ मध्य प्रदेश के खिलाड़ी ही भाग ले सकेंगे। इस क्रिकेट लीग का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के खिलाड़ियों को अपने खेल के माध्यम से आगे बढ़ने का मौका देना है। टेनिस क्रिकेट लीग में जो खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन करेंगे, उनको टूर्नामेंट के बाद पुरस्कार दिए जाएंगे।

लीग के लिए रविवार को अशोकनगर के जिला मुख्यालय पर संजय स्टेडियम में माधवराव सिंधिया की स्मृति में एमपीटीसीएल की पहली ट्रायल आयोजित की गई। जिसमें, 294 खिलाड़ियों ने भाग लिया। यह लीग पूरी तरह आईपीएल की तर्ज पर खेली जाएगी।

नगर के सौरभ रघुवंशी ने बताया कि प्रतियोगिता में 8 लाख रुपए पहला और 4 लाख रुपए दूसरा इनाम होगा। मैच मार्च के महीने में रात के समय खेले जाएंगे। इस क्रिकेट लीग में पहले सभी खिलाड़ियों की नीलामी की जाएगी, इसके बाद में खिलाड़ी खेलेंगे।

बता दें कि, इस लीग के माध्यम से प्रदेश के खिलाड़ियों के लिए आगे बढ़ने का एक सुनहरा मौका मिलेगा। क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए अशोकनगर के बाद अन्य शहरों में भी ट्रायल मैच खेले जाएंगे। जिसमें ग्वालियर में 10 नवंबर, सागर में 15 नवंबर, भोपाल में 17 नवंबर, कटनी में 24 नवंबर को होंगे। वहीं इंदौर के ट्रायल मैच के लिए कमेटी जल्दी तारीख की घोषणा करेगी।



# खेत के बंटाईदारों ने किया था 6 माह की बच्ची का अपहरण, पुलिस का दबाव पड़ा तो एक व्यक्ति को सुपुर्द कर भागे

**गुना।** जिले के आरोन कस्बे में फिरौती के लिए 6 माह की मासूम बच्ची के अपहरण के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर महज 04 घंटों में बच्ची बरामद किया है। उक्त मामले में एसपी संजीव कुमार सिंहा द्वारा आरोपियों की शीघ्र गिर तारी हेतु एसआईटी गठित की है। उल्लेखनीय है कि गत् 2 नव बर 24 की रात में फरियादी बच्ची के दादा की ओर से जिले के आरोन थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि 2 नव बर 24 की शाम को वह अपनी 6 माह की नातिन को लेकर पैदल-पैदल अपने घर की ओर जा रहा था, कि रास्ते में उसे दो मोटर सायकिलों पर चार लोग खड़े मिले जो जबरदस्ती उसके हाथों से उसकी नातिन को छीनकर भाग गए। उसकी नातिन का अपहरण करने वाले उनकी जमीन के पुराने बंटाईदार कल्याण भील, छोटू पुत्र कल्याण भील, सोनू पुत्र कल्याण भील निवासीगण ग्राम खेरखेड़ाथाना उनारसीकला जिला विदिशा एवं पवन पुत्र वंशीलाल भील निवासी ग्राम नारायणपुरा थाना उनारसीकला जिला विदिशा के थे। जिनकी उनके द्वारा काफी तलाश की, लेकिन वह कहीं नहीं मिले। इसके कुछ समय बाद उसके लड़के मोबाईल पर एक कॉल आया जिस पर बात करने वाले ने उससे कहा कि अगर बच्ची सुरक्षित चाहिए तो फिरौती के 14 लाख रूपये दे दो। जिस पर से आरोपीगणों के विरूद्ध आरोन थाने में अपराध क्रमांक 645 /24 धारा 140(2), 137(2) बीएनएस के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया ।

एक दुधमुंही बच्ची के अपहरण की उपरोक्त घटना को एसपी संजीव कुमार सिंहा द्वारा गंभीरता से लेकर बच्ची को जल्द से जल्द दस्तयाब कर आरोपियों को गिर तार करने के निर्देश दिए। निर्देशनुसार एएसपी मान सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी राघौगढ़ दीपा डोडवे के पर्यवेक्षण में आरोन थाना प्रभारी निरीक्षक रितुराज सिंह कुशवाह अपनी टीम के साथ अपहृत बच्ची व आरोपियों की तलाश में सक्रियता से जुट गए। इस हेतु अपना मुखबिर तंत्र सक्रिय कर विभिन्न तकनीकी संसाधनों की मदद से बच्ची की सघनता से तलाश की गई और बच्ची की तलाश में रात्रि में ही सघन दविशें दीं गई, जिसके परिणाम स्वरूप महज 4 घंटों के भीतर ही पुलिस द्वारा बच्ची को सकुशल बरामद कर लिया गया ।



# मां रतनगढ़ माता मंदिर का मेला शांति पूर्वक संपन्न हुआ

## मेले में लगभग 30 से 32 लाख श्रद्धालुओं ने किए माता के दर्शन

**दतिया ( चम्बल नवराष्ट्र )**- दतिया जिले की सेवढ़ा तहसील में स्थापित मां रतनगढ़ माता मंदिर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 1 नवम्बर से 3 नवम्बर तक दीपावली की दौज पर मेले का भव्य आयोजन हुआ, जो कि कलेक्टर संदीप कुमार माकिन के निर्देशन में जिला प्रशासन एवं पुलिस अधीक्षक बीरेन्द्र कुमार मिश्रा की निगरानी में शांति पूर्वक संपन्न हुआ।



प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष इस भव्य मेले में श्रद्धालुओं की संख्या हर वर्ष की भांति अधिकतम 30 से 32 लाख के लगभग देखने को मिली। सभी श्रद्धालुओं ने बड़ी शांतिपूर्वक बेहतर तरीके से मां रतनगढ़ माता मंदिर एवं कुंअर बाबा मंदिर के दर्शन किए। कलेक्टर माकिन ने बताया कि मेले में माता की कृपा से कोई भी ऐसी घटना नहीं हुई है, जिससे कुछ भी जनहानि एवं नुकसान हुआ हो।

कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक तथा सभी जिला प्रशासन की टीमों एवं अन्य विभागों ने पूर्ण रूप से अपनी-अपनी पूरी जिम्मेदारियों का निर्वाह किया है। कलेक्टर माकिन एवं पुलिस अधीक्षक मिश्रा ने सभी नागरिकों एवं जिला के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। मेले में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कमलेश भार्गव प्रभारी अपर कलेक्टर नीरज शर्मा, डिप्टी कलेक्टर भूमिजा सक्सेना, डिप्टी कलेक्टर भरत कुमार, सेवढा एसडीएम अशोक अवस्थी सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# कायस्थ समाज ने की भगवान चित्रगुप्त जी की पूजा बहनों ने भाइयों को किया तिलक



**इंदरगढ़ ।** भाई दूज पांच दिवसीय दीपावली उत्सव के आखिरी दिन मनाया गया और बहनौ ने अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर भाई दूज का त्यौहार मनाया भाई दूज पर कायस्थ समाज ने भगवान चित्रगुप्त जी की पूजा अर्चना कर आरती की और प्रसाद वितरण किया ।

दीपावली के दूसरे दिन पढ़ने वाले भाई दूज के त्योहार पर बहनों ने अपने भाइयों को तिलक किया और सुख समृद्धि के लिए भगवान से प्रार्थना की और भाइयों ने भी अपनी बहनों के पैर छूकर उन्हें उपहार प्रदान किया भाई दूज पर ऐसी मान्यता है कि जो भाई अपनी बहनों के घर जाकर तिलक करवाता है उसे अनिश्चित मृत्यु का भय नहीं रहता दीपावली की दूज पर कायस्थ समाज द्वारा भगवान चित्रगुप्त जी की पूजा की जाती है भगवान चित्रगुप्त जी की गिनती हिंदुओं के प्रमुख देवताओं में होती है भगवान चित्रगुप्त कायस्थ समाज के संस्थापक हैं जिनकी पूजा का त्योहार भाई दूज पर कायस्थ समाज द्वारा किया गया और भगवान चित्रगुप्त जी की पूजा कायस्थ समाज द्वारा हर घर में की गई।

# गौंड़ बाबा मंदिर पर की गई भजन संध्या



दतिया। तुम्ही दुर्गा हो मां...तुम्ही काली हो मां...महारानी हो मां, तुम्हारी पूजा का सामान लेकर आए हैं, तुम्हारी पूजा का सामान लेकर आए हैं। कुछ इसी तरह के भजनों की गूंज शनिवार शाम बस स्टैंड बायपास पर स्थित गौंड़ बाबा मंदिर पर आयोजित भजन संध्या में सुनाई दिए। भजन गायक मुलायम पटेल एंड पार्टी ने शानदार भजनों की प्रस्तुति दी। मौका था गौंड़ बाबा समिति द्वारा रतनगढ़ के लख्खी मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का। आयोजन समिति सदस्यों ने बायपास पर निकलने वाले श्रद्धालुओं को खीर, पूरी और बूंदी का प्रसाद वितरित किया। भंडारा शाम चार बजे से शुरू हुआ और देर रात तक चलता रहा।

# नेशनल लोक अदालत 14 दिसम्बर को आयोजित होगी

**दतिया ( चम्बल नवराष्ट्र )**- संयुक्त कलेक्टर दतिया ने जानकारी देते हुए बताया कि मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकारण के निर्देशानुसार 14 दिसम्बर 2024 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत में चिन्हित किए गए मुकदमापूर्व एवं न्यायालय में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों को निराकरण हेतु रखा जाएगा।

# राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता भागीदारी करने के लिए सरस्वती ज्ञान मंदिर की तमन्ना यादव हुई नरसिंहपुर रवाना

**दतिया ( चम्बल नवराष्ट्र )**- स्कूल शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश द्वारा 68 वी राज्य स्तरीय बालिका कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन नरसिंहपुर में आयोजित किया जा रहा है जिसमें मां सरस्वती ज्ञान मंदिर स्कूल दतिया की छात्रा तमन्ना यादव का चयन ग्वालियर संभाग की टीम में किया गया है यह टीम राज्य स्तरीय प्रतियोगिता नरसिंहपुर में भागीदारी करेंगे आज श्री धाम एक्सप्रेस से प्रतियोगिता में भागीदारी करने के लिए दतिया रेलवे स्टेशन से खिलाड़ी छात्रा तमन्ना यादव रवाना हुई इस अवसर पर अपर कलेक्टर कमलेश भार्गव अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन



अधिकारी धनंजय मिश्रा जिला खेल अरविंद सिंह राणा जिला शिक्षा अधिकारी उदित नारायण मिश्रा महिला बाल विकास अधिकारी अरविंद उपाध्याय खेल समन्वयक संजय रावत प्राचार्य अशोक यादव ने खिलाडी छात्रा को राज्य प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए शुभकामनाएं प्रदान की।

# श्रीरामचन्द्र सरकार गौ-शाला पर 15 वॉ गौ-पूजन सम्पन्न



**दतिया।** गनपत शिक्षा प्रसार समिति द्वारा दिनॉक 15.6.2010से संचालित रामचन्द्र सरकार गौ-शाला परिसर में विधिवत गौ-पूजन किया गया। ज्ञात हो कि दीपावली के बाद प्रथमा को द्वापुर युग में जब भगवान श्रीकृष्ण द्वारा इन्द्रदेव की पूजा बंद कर मथुरावासियों के साथ गोबरधन पर्वत की पूजा आरम्भ कर इन्द्रदेव का मद चूर किया तो तत्कालिन समय तहलका मच गया ।

उसी समय से गोबरधन पूजा प्रत्येक परिवार में शुरूआत हुई । इसी तारतम्य में गौ-शाला परिसर में गोबरधन पूजा कर गायों की पूजा की परंपरा का निर्वाह करते हुए समिति के सचिव व कुशवाहा महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजी. रामस्वरूप सिंह कुशवाह द्वारा गायों का तिलक कर पूजन किया व उन्हें भोज्य पदार्थ खिलाकर चरण वंदना की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कलियुग में गाय की सेवा करना सबसे बड़ा धर्म होता है। दूसरा मानव सेवा ही ईश्वर सेवा है। इसलिए हमारी समिति ने गायों की सेवा के लिए गौ-शाला में गायों को रखा है। इनके लिए घास-भूषा और पानी आदि की समुचित व्यवस्था की गई है।

कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार कन्हैयालाल पाठक, मनोहर कुशवाहा, राजाराम पटेल, कल्लू कुशवाहा, उत्तम सिंह, हरीबाबू, जानकी, पन्नालाल, देव सिंह, राजू, अतरसिंह सहित बड़ी संख्या में आसपास के लोग शामिल हुए।

# परचूने की दुकान के सामने से रखी बाइक चोरी

दतिया। कोतवाली क्षेत्र के ज्योति कॉम्पलेक्स पर लक्ष्मी टॉकीज वाली रोड स्थित परचूने की दुकान के बाहर रखी एक बाइक कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया। बाइक मालिक ने सभी जगह बाइक को तलाश किया और जब कहीं पता नहीं चला तो थाने पहुंचकर बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। जानकारी के अनुसार शहर के परमोले की कुईया निवासी आकाश पुत्र दौलतराम लोहानी ने पुलिस को बताया कि उसकी लक्ष्मी टॉकीज वाली रोड पर ज्योति कॉम्पलेक्स के अंदर किराने की दुकान है। गत दिवस दोपहर 12 बजे उसकी बाइक क्रमांक एमपी 32 एमडी 8416 दुकान के बाहर रखी थी जिसे कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया।

# ढाबे पर युवक को पीटा, सीसीटीवी में घटना कैद





**दतिया।** जिले के जिगना थाना क्षेत्र में सिकंदरा वीरा दा ढाबे पर एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। घटना शुक्रवार दोपहर को बताई गई है। पुलिस ने मामला जांच में लिया। ग्राम सिकंदरा निवासी धर्मेंद्र परिहार ने जिगना थाना पहुंचकर पुलिस को बताया कि वह शुक्रवार को दोपहर में घर जा रहा था तभी धीरेंद्र, बल्ला याद, नहार, अमित निवासी जौहरिया व कुछ अज्ञात लोगों ने वीरा ढाबे के सामने रास्ता रोक लिया। आरोपियों ने मारपीट की और मारपीट करते हुए खटिया पर पटक दिया। पीड़ित धर्मेंद्र ने बताया कि उसकी आरोपी पक्ष के लोगों से पुरानी रंजिश चली आ रही है। इसी बात पर आरोपियों ने ढाबे सामने रास्ता रोककर मारपीट की भाग निकले। मारपीट की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। ढाबे पर युवक से मारपीट की घटना सीसीटीवी कैमरें में हुए कैद।

# अवर सचिव भलावी की अपने चहेते का भला करने की जुगत

## विक्रम विश्वविद्यालय में विवादित नियुक्ति को स्थाई पदोन्नत करने का बना रहे दबाव , उच्च न्यायालय के आदेश को घोलकर पी गए अवर सचिव

**रविन्द्र राणावत**

**उज्जैन ( चम्बल नवराष्ट्र )** यह सर्वज्ञात है कि मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा शासन को अनेकानेक आदेश जारी किये गये है लेकिन इनका परिपालन वरिष्ठ अधिकारी क्या अपनी स्वार्थपूर्ति के बिना करते होंगे? ऐसा तो नहीं लगता। कई ऐसे आदेश है जिनकी वर्षों से परिपालना नहीं हुई है। हाल ही में ज्ञात हुआ है कि मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचार तेजी से पनप रहा है। अवैध नियुक्तियों के मामले हो या प्राध्यापकों के स्थानांतरण, सभी कार्यों में कमीशनखोर, दलाल सक्रिय है। उच्च शिक्षा विभाग के अवर सचिव वीरनसिंह भलावी, भलाई करने के नाम पर अपने चहेते व्यक्ति की विवादित नियुक्ति को स्थाई करवाने और उसे पदोन्नत करवाकर प्रोफेसर बनाए जाने के लिए कुलपति और कुलसचिव पर दबाव बनाने के मामले में चर्चाओं में है और नियम विरूद्ध तरीके से उच्च न्यायालय के आदेश के विरूद्ध जाकर उपकृत कराने को दबावपूर्वक प्रयासरत है। जी हां, विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन के इतिहास में वर्ष 2007 में हुई नियुक्तियां सबसे ज्यादा विवादित रही है जिसे लेकर तत्कालीन महामहिम राज्यपाल , लोकायुक्त आदि में शिकायते हुए, प्रकरण दर्ज तक हुए। इन्हीं में से एक वर्ष 2007 के आदेश क. 1984 दि.23.11.2007 द्वारा तत्कालीन कुलसचिव डॉ. एम. के. राय के पुत्र सचिन राय की प्लेसमेंट ऑफिसर के पद पर की गई नियुक्ति को बाले-बाले रीडर बनाए जाने पर उठे विवादों के बाद राजभवन सचिवालय, लोकायुक्त और उच्च शिक्षा विभाग की जांचों के बाद डॉ. सचिन राय की प्लेसमेंट आफिसर से रीडर पद की पदोन्नति को अवैध ठहराते हुए रीडर पद की पदोन्नति को निरस्त कर दिया गया था। डॉ. राय की पदोन्नत निरस्त किये जाने के आदेश पर उच्च न्यायालय म.प्र. ने उनकी याचिका क. 5345/09 में स्थगन आदेश जारी किया था जो मामला अब भी







न्यायालय में विचाराधीन है। डॉ. राय और विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने मिलीभगत से 24 अप्रैल 2023 को उच्च न्यायालय में अवैध पदोन्नति के प्रकरण को मीडिएशन अर्थात् आपसी सुलहवार्ता के माध्यम से निपटाने की मांग भी न्यायालय से की थी परंतु न्यायालय ने प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए उसे मीडिएशन से निराकरण न कर न्यायालय के माध्यम से ही निराकृत किए जाने के आदेश जारी किया था। न्यायालय ने इस आदेश से यह तो साफ करदिया कि, न्यायालय के अतिरिक्त डॉ.राय की नियुक्ति के विवादित प्रकरण में किसी को भी हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं है।न्यायालय के स्पष्ट आदेश के बाद भी उच्च शिक्षा विभाग के अवर सचिव वीरनसिंह भलावी ने विक्रम विश्वविद्यालय के कुलसचिव पर अनैतिक दबाव बनाते हुए डॉ. सचिन राय को स्थाई करने और उसे प्रोफेसर बनाए जाने के लिए कई पत्र जारी किये। विवादित नियुक्ति को स्थाई करने और उसे पदोन्नत करने के लिये दबाव बनाए जाने का सिलसिला यही नहीं रूका अवर सचिव ने 14 दिसंबर 2023 को पत्र क्रमांक / 1690/1478720/2023/38-3 भोपाल, दिनांक 14.12.2023 से कुलसचिव विक्रम विश्वविद्यालय को डॉ. सचिन राय को पदोन्नत किए जाने के प्रकरण में अविलम्ब कार्यवाही के निर्देश तो जारी कर दिये जिससे अब विश्वविद्यालय के समक्ष यह संकट खड़ा है कि, आखिर आदेश किसका मानें ? एक ओर न्यायालय यह आदेश कर चुका है कि प्रकरण मीडिएशन पर निराकृत नहीं हो सकता उसे न्यायालय ही निराकृत नहीं करेगा वहीं अवर सचिव न्यायालय में विचाराधीन प्रकरण की विवादित नियुक्ति को पदोन्नत कर प्रोफेसर बनाए जाने का दबाव बना रहे है अब यदि अवर सचिव का आदेश मानकर विवादित नियुक्ति जिसे राजभवन के आदेश से विश्वविद्यालय ने निरस्त किया था उसे स्थाई पदोन्नति देते है तो न्यायालय के आदेश का उल्लंघन और यदि अवर सचिव का आदेश न माने तो कुलसचिव की जान आफत में प्रकरण एक नजर में प्लेसमेंट ऑफिसर का पद गैर शैक्षणिक श्रेणी सपोर्टिंग स्टॉफ के अंतर्गत था जिस पर विक्रम विश्वविद्यालय में ही पदस्थ तत्कालीन कुलसचिव डॉ.एम. के. राय के पुत्र सचिन राय ने आवेदन किया था। विक्रम विश्वविद्यालय ने डॉ. सचिन राय को प्लेसमेंट आफिसर के पद पर ही इंटरव्यू लेटर जारी किया था। विक्रम विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद् की अनुशंसा दिनांक 23.11.2007 के आधार पर डॉ. सचिन राय की नियुक्ति प्लेसमेंट आफिसर के पद पर की गई थी।डॉ. सचिन राय ने दिनांक 23.11.2007 को ही प्लेसमेंट आफिसर के पद पर कार्यग्रहण भी कर लिया था।तत्कालीन कुलसचिव के पुत्र होने के कारण डॉ. सचिन राय के प्रकरण में प्लेसमेंट आफिसर के पद पर नियुक्ति के बाद प्लेसमेंट आफिसर के पद को बाले-बाले रीडर पगदनाम एवं उसका वेतनमान भी बढ़ाने का कार्य किया गया. हालांकि इस कार्य को करने वाले तत्कालीन एक प्रोफेसर नागेश्वर राव को इसका खामियाजा भी राजभवन से संकायाध्यक्ष न बनाये जाने के रूप में भुगतना पड़ा था। सूत्रों से पता चला है किडॉ. सचिन राय को प्लेसमेंट आफिसर के पद पर नियुक्त किये जाने के लगभग 2 माह बाद उनके पदनाम को बदलकर रीडर कम प्लेसमेंट आफिसर कर दिया गया और उसद पद का वेतनमान भी रातों-रात बढ़ाकर डॉ. सचिन राय को नवीन संशोधित आदेश जारी कर दिया।प्लेसमेंट आफिसर से रीडर बनाए जाने के प्रकरण की हुई लोकायुक्त जांच एवं अन्य जांचों में डॉ. सचिन राय की रीडर पद पर पदोन्नति को नियम विरूद्ध मानकर उसे निरस्त किये जाने के आदेश तत्कालीन कुलपति ने जारी किये।डॉ. राय ने वर्ष 2009 को उनके रीडर पद की पदोन्नति को निरस्त किये जाने के विरूद्ध उच्च न्यायालय में याचिका प्रस्तुत की जिसमें स्थगन आदेश जारी किाय गया।डॉ. सचिन राय और विश्वविद्यालय के अधिवक्ताओं के मधुर संबंधों के परिणामस्वरूप दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं ने उच्च न्यायालय में मीडिएशन से मामला सुलझाने की मांग की लेकिन 24 अप्रैल 2023 को उच्च न्यायालय इंदौर ने इसे खारिज करते हुए न्यायालय से ही प्रकरण की अंतिम सुनवाई के आधार पर निराकरण किये जाने का आदेश जारी किया।न्यायालय के स्पष्ट आदेश दि.24.04.2023 के बाद अवर सचिव वीरनसिंह भलावी ने दि.31.07.2023 व दि.06.09.2023 को कुलसचिव विक्रम विश्वविद्यालय को डॉ. सचिन राय के प्रकरण के निराकरण के लिए पत्र जारी किये।14 दिसंबर 2023 को पुन: अवर सचिव ने धमकी भरे अंदाज में डॉ. सचिन राय को स्थाई करने एवं पदोन्नत कर प्रोफेसर बनाए जाने की कार्यवाही अविलम्ब करने का पत्र जारी कर कुलसचिव सहित पूरे विश्वविद्यालय प्रशासन पर दबाव बनाने का कार्य भी कर डाला।उच्च शिक्षा विभाग में माननीय उच्च न्यायालय के अनेकानेक आदेश अब तक परिपालन हेतु लंबित है लेकिन आखिर क्या कारण है कि डॉ. सचिन राय को उपकृत कर न्यायालय के आदेश के विरूद्ध जाकर अवर सचिव हठधर्मिता कर गंभीर कदाचरण कर रहे है तथा नियम विरुद्ध कार्य कर रहे है। अवर सचिव के निर्देश का पालन करना निश्चित ही कुलपति, कुलसचिव सहित स्वयं अवर सचिव को माननीय उच्च न्यायालय में भारी पड़ सकता है।अब देखना ये है कि विक्रम विश्वविद्यालय के कुलपति और कलसचिव अवर सचिव उच्च शिक्षा के निर्देश मानकर माननीय उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 24.04.2023 का उल्लंघन कर डॉ सचिन राय की विवादित नियुक्ति को स्थाई कर उन्हें प्रोफेसर बनाते है या अवर सचिव को सत्य का आईना दिखाने का साहस दिखाएंगे।

# मध्यप्रदेश ने आज विकास के क्षेत्र में अपनी एक नई पहचान स्थापित की है - मंत्री चैतन्य काश्यप





**राकेश पाँचाल**

**रतलाम ( चम्बल नवराष्ट्र)।** जिला मुख्यालय पर 2 नवंबर को मध्यप्रदेश स्थापना दिवस मनाया गया। कलेक्टर कार्यालय परिसर में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश के सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य काश्यप ने अपने उद्बोधन में कहा कि देश में विकास के क्षेत्र में आज मध्यप्रदेश ने अपनी एक नई पहचान स्थापित की है, चाहे कृषि हो, सिंचाई हो या औद्योगिक विकास की श्रृंखला हो, प्रदेश में चहुंओर विकास नजर आ रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ मंत्री श्री काश्यप द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, कलेक्टर राजेश बाथम, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार, सीईओ जिला पंचायत श्रृंगार श्रीवास्तव, अपर कलेक्टर डॉ. शालिनी श्रीवास्तव, मनोहर पोरवाल, विनोद करमचंदानी, गोविंद काकानी तथा अधिकारी, कर्मचारी नागरिकगण उपस्थित थे।

मंत्री काश्यप ने अपने संबोधन में कहा कि हमारा देश कृषि आधारित देश है। देश की समृद्धि में किसानों की महत्वपूर्ण भूमिका है। मध्यप्रदेश शासन ने खेती किसानी सिंचाई की तरक्की पर विशेष ध्यान दिया है, साथ ही औद्योगिक विकास की श्रृंखलाओं का नवीन विस्तार हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संभाग स्तर पर इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजन किया है जिससे नवीन औद्योगिक इकाईयों की स्थापना, युवाओं को रोजगार तथा युवा उद्यमियों को आगे बढ़ाया जा रहा है। हम संकल्पित हो कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश को देश का सर्वश्रेष्ठ समृद्धशाली राज्य बनाएंगे।

मंत्री काश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा पीएम हेलीकॉप्टर जैसी योजना लागू करके गरीब मरीजों की सेवा का महत्वपूर्ण कार्य किया है जिनको आपात स्थिति में उच्च स्तरीय उपचार हेतु अन्यत्र ले जाने के लिए प्रत्येक जिले में तत्काल हेलीकॉप्टर की सुविधा शासन द्वारा दी गई है। काश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शासन और सामाजिक सरोकारों का समन्वय स्थापित किया है। विगत दशहरे पर व्यापक रूप में जहां प्रदेश में शस्त्र पूजन के कार्यक्रम आयोजित हुए वहीं दीपावली के पश्चात गोवर्धन पूजा तथा गोपूजन के भी वृहद कार्यक्रम प्रदेश में आयोजित किए गए हैं कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा दी गई सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए श्री काश्यप ने कहा कि बच्चों का प्रदर्शन हमारे शहर के शैक्षणिक, सांस्कृतिक विकास को दर्शा रहा है। हमारे प्राचीन खेलों में शारीरिक व्यायाम, मानसिक व्यायाम के साथ आध्यात्मिकता का अनूठा संगम देखने को मिलता है। यह समावेश यहां प्रस्तुत मलखंब के खेल में भी देखा जा सकता है। मलखंब को मालवा क्षेत्र ने पूरे देश में एक पहचान दी है। काश्यप ने अपने उद्बोधन ने दीपो उत्सव के विभिन्न आयोजनों का जिक्र किया, साथ ही सब को दीपावली की शुभकामनाएं भी दी।

कार्यक्रम में प्रदीप उपाध्याय ने अपने संबोधन में कहा कि आज मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर पूरे प्रदेश में विकास की उपलब्धियां देखने को मिल रही हैं। स्वास्थ्य शिक्षा उद्योग खेल प्रत्येक क्षेत्र में मध्यप्रदेश निरंतर प्रगति कर रहा है। प्रारंभ में कलेक्टर राजेश बाथम ने अपने उद्बोधन में मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम में स्कूली विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति एवं सांस्कृतिक आयोजनो से दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन आशीष दशोत्तर ने किया।

# कार्तिक माह में भगवान महाकाल की पहली सवारी सोमवार को



**उज्जैन (चम्बल नवराष्ट्र)।** सोमवार को बाबा महक की कार्तिक अगहन माह की पहली सवारी निकलेगी। श्री मनमहेश के रूप में भगवान श्री महाकालेश्वर अपनी प्रजा का हाल जानने निकलेंगे।मंदिर प्रशासक गणेश धाकड़ ने बताया कि श्रावण- भाद्रपद माह की तरह श्री महाकालेश?वर भगवान की कार्तिक माह की पहली सवारी सोमवार 04 नवंबर को सभामंडप में सायं 4 बजे विधिवत पूजन-अर्चन के बाद राजसी ठाट-बाट के साथ निकाली जावेगी।

भगवान श्री महाकालेश्वर श्री मनमहेश के रूप में अपनी प्रजा का हाल जानने नगर भ्रमण पर निकलेंगे। श्री महाकालेश्वर भगवान की सवारी में पुलिस बैण?ड, घुड़सवार दल, सशस?त्र पुलिस बल के जवान आदि के साथ श्री महाकालेश्वर मंदिर से गुदरी चौराहा, बक्षी बाजार कहारवाडी होते हुए रामघाट क्षिप्रातट पहुंचेगी। वहां मॉ क्षिप्रा के जल से पूजन-अर्चन पश?चात भगवान महाकाल की सवारी रामघाट से गणगौर दरवाजा, मोड की धर्मशाला, कार्तिक चौक, खाती का मंदिर, सत?यनारायण मंदिर, ढाबा रोड, टंकी चौराहा, छत्री चौक, गोपाल मंदिर, पटनी बाजार, गुदरी बाजार होते हुए पुन- महाकाल मंदिर पहुंचेगी।

इसी क्रम में परंपरानुसार श्री महाकालेश्वर भगवान की कार्तिक एवं अगहन(मार्गशीर्ष) माह में निकलने वाली श्री महाकालेश्वर भगवान की सवारियॉ क्रमश: द्वितीय सवारी 11 नवम्?बर, तृतीय सवारी 18 नवम्बर तथा शाही सवारी 25 नवम्बर को निकाली जावेगी। हरिहर मिलन की सवारी रविवार, 14 नवम्बर को निकाली जावेगी।

# इंदौर में उत्साह के साथ आयोजित हुआ मध्य प्रदेश स्थापना दिवस का समारोह

## मंत्री सिलावट ने प्रगति, विकास और उन्नति में मध्य प्रदेश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का आव्हान



**इंदौर( चम्बल नवराष्ट्र)** । राज्य शासन द्वारा तय कार्यक्रम के अनुसार इंदौर में रविवार को मध्य प्रदेश के 69वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में भव्य समारोह आयोजित किया गया। उमंग और उत्साह के साथ आयोजित यह समारोह जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। समारोह की अध्यक्षता महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने की। समारोह में संभागायुक्त दीपक सिंह, कलेक्टर आशीष सिंह तथा विधायक गोलू शुक्ला भी विशेष रूप से मौजूद थे। इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां हुई। मध्य प्रदेश के विकास पर आधारित गीतों की प्रस्तुतियां भी दी गयी।

समारोह को संबोधित करते हुए जल संसाधन मंत्री सिलावट ने नागरिकों को मध्य प्रदेश के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्य प्रदेश तेज गति से विकास कर रहा है। प्रदेश में चहुमुंखी विकास के नए आयाम तय किये जा रहे हैं। उन्होंने नागरिकों का आव्हान करते हुए कहा कि सब मिलकर प्रगति, विकास एवं उन्नति के क्षेत्र में मध्य प्रदेश को नई ऊंचाइयों तक ले जाए।

उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश विशेषताओं से भरा हुआ प्रदेश है। मध्य प्रदेश में संसाधनों की कोई कमी नहीं है। गीत, संगीत, कला, साहित्य, खेल एवं संस्कृति के क्षेत्र में प्रदेश की देश में विशेष पहचान है। अपना मध्य प्रदेश अनेक क्षेत्रों में देश में अव्वल है। मध्य प्रदेश ने गेहूं उत्पादन, सिंचाई, जल संरक्षण एवं संवर्धन, स्वच्छता आदि के क्षेत्र में भी देश में अव्वल स्थान प्राप्त किया है। समारोह में महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि मध्यप्रदेश देश की हृदय स्थली है। यह प्रदेश देश की धड़कन है। गीत-संगीत कला और साहित्य के माध्यम से अपने प्रदेश ने देश को नयी ऊर्जा दी है। अतिथियों ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया। अतिथियों का स्वागत तुलसी के पौधे भेंट कर किया गया। समारोह में रागिनी मख्खर के ग्रुप द्वारा गणेश वंदना पर आधारित नृत्य प्रस्तुत किया गया। इंदौरी आर्टिस्ट ग्रुप द्वारा देश भक्ति पर आधारित गीतों की प्रस्तुतियां भी दी गई। सामाजिक न्याय विभाग के कलाकारों ने मध्यप्रदेश के विकास और गौरव गाथा पर आधारित गीत प्रस्तुत किये गए। राजेश गुप्ता ने भी देश भक्ति पर आधारित गीतों की सुमधुर प्रस्तुतियां दीं।

# फ्लोर मील संचालक की संदिग्ध मौत, रात को दोस्त के साथ की थी बैचलर पार्टी, सुबह मिला मृत



**भोपाल (चम्बल नवराष्ट्र)** । राजधानी भोपाल के रातीबढ़ इलाके के पीपी लाउंज के एक रूम में फ्लोर मील संचालक की संदिग्ध हालात में मौत का मामला सामने आया है। शनिवार देर रात उसने लाउंज में दोस्तों के साथ पार्टी की थी ।रविवार सुबह लाउंज के एक कमरे में उसका शव मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर घटना की जांच शुरू कर दी है।

एसआई मूलचंद मीणा ने बताया कि सुमित काबूलाशी (29) पुत्र धीरेंद्र काबूलाशी निवासी वैशाली नगर में रहते थे। वह मंडीदीप में सुमित इंडस्ट्रीज नाम से फ्लोर मील का संचालन करते थे। उनके दो दोस्तों की आने वाले दिनों में शादी होने वाली है। इसी के चलते दोस्तों ने शादी से पहले बैचलर पार्टी पीपी लाउंज साक्षी ढाबे के पास की थी। शनिवार रात 2ः30 बजे तक करीब 10-12 दोस्तों ने पार्टी की। इसके बाद सभी वहीं बने अलग-अलग कमरों में सो गए। सुमित अपने अंकित नाम के एक दोस्त के साथ रूम में सोया था। अंकित ने रविवार सुबह करीब 7 बजे उठने के बाद सुमित को जगाने का प्रयास किया। उसके शरीर में किसी प्रकार की हलचल नहीं थी। उसने अन्य दोस्तों को मामले की सूचना दी। सभी उसे लेकर एक प्राइवेट हॉस्पिटल ले गए। जहां डॉक्टरों ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मौत के सही कारणों का खुलासा पीएम रिपोर्ट मिलने पर ही हो सकेगा।सुमित की शादी इसी साल अप्रैल महीने में हुई थी। तीन बहनों में वह इकलौता भाई था। सुमित के पिता धीरेंद्र सेल टैक्स डिपार्टमेंट से भृत्य के पद से रिटायर्ड हैं। दो साल पहले ही उनका रिटायरमेंट हुआ है। उनका बेटा सुमित बेहद होनहार था। एमबीए की पढ़ाई के बाद उसने स्वयं बिजनेस की शुरुआत की थी।

# संभलकर! अंकल कहना पड़ सकता है भारी, भोपाल में दुकानदार की पिटाई

**भोपाल (चम्बल नवराष्ट्र)**। कई लोग कुछ भी खरीदने से पहले कई दुकानों पर वो सामान देखते हैं। कई ये आदतन करते हैं तो कई की पसंद थोड़ी अलग होती है जिसकी वजह से वह आसानी से कुछ खरीद नहीं पाते हैं। ग्राहक दुकान पर आते हैं और सामान देखते हैं, कई बार वह बिना कुछ लिए ही चले जाते हैं।

दुकानदार इस तरह के ग्राहकों को पूरा दिन संभालता है। लेकिन एक समय ऐसा आता है जब वह चिढ़कर या परेशान होकर ग्राहक से कुछ कह देता है। ऐसा ही मामला भोपाल से सामने आया है जहां पर एक शख्स अपने परिवार के साथ शॉपिंग करने पहुंचा, वहां पर उससे दुकानदार ने सिर्फ इतना बोल दिया कि अंकल जी कितने रुपये तक की साड़ी दिखानी है? यहीं से सारा विवाद शुरू हुआ।



### अंकल कहने पर भड़का ग्राहक

जो वीडियो सामने आया है उसमें एक शख्स अपनी पत्नी और बच्चों के साथ एक साड़ी की दुकान में आता दिख रहा है। इस दौरान उसकी दुकानदार से बहस हो जाती है। पत्नी बीच बचाव करती है, इसके बाद वह लोग दुकान से चले जाते हैं। कुछ देर बाद वही ग्राहक अपने दोस्तों के साथ फिर से दुकान में आता है। इस बार उनके हाथ में लाठी होती हैं। ये सारा विवाद अंकल कहने पर हुआ है। दरअसल, दुकानदार ने ग्राहक से कहा था कि %अंकल% कितने तक की साड़ी दिखानी है? ये सुनकर ग्राहक भड़क गया।इस हमले की शिकायत दुकानदार ने मिसरोद पुलिस में दर्ज कराई है। हालांकि आरोपी ग्राहक अभी पुलिस की पकड़ में नहीं आया है। दुकानदार ने इस पूरी घटना की रिकॉर्डिंग शेयर की है। जिसमें साफ तौर पर मारपीट होते हुए दिख रही है।

# भाई-दादा पुलिस और प्रेस इंदौर की सड़कों पर सरपट दौड़ रही बिना नंबर वाली गाड़ियां, पुलिस की कार्रवाई पर उठ रहे सवाल

**इंदौर (चम्बल नवराष्ट्र)**। इंदौर की सड़कों पर बिना नंबर प्लेट की गाड़ियां भाई, दादा% प्रेस, और पुलिस लिखे हुए दौड़ती नजर आ रही हैं। जिससे पुलिस की कार्रवाई पर सवाल खड़े हो रहे हैं।क्या पुलिस राजनीतिक दबाव या फिर अपने विभागीय लोगों को छूट दे रही है। इन वाहनों पर कार्रवाई नहीं होने से चर्चा का विषय बन गया है।

जहां एक तरफ शहर में पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में यातायात सुधार के लिए शराब पीकर वाहन चलाने वालों, बुलेट से गोलियों की आवाज निकालने वाली गाड़ियों पर कार्रवाई और तुरंत उनके साइलेंसर निकाल कर कार्रवाई की जा रही है। इसके साथ ही यातायात के नियमों का पालन न करने वालों के खिलाफ भी सड़कों पर पुलिस कार्रवाई जरूर कर रही है और साथ ही सड़क पर उपद्रव करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो रही है।




वहीं दूसरी ओर इन विशेष पहचान वाली गाड़ियों पर पुलिस का ध्यान न देने की चर्चा है। पुलिस का यह रवैया लोगों में सवाल पैदा कर रहा है कि क्या पुलिस राजनीतिक दबाव या अपने विभागीय लोगों को छूट दे रही है। पुलिस द्वारा इन गाड़ियों पर कार्रवाई न करना चर्चा का विषय बन गया है। क्योंकि ये वाहन कई बार शहर के पुराने पुलिस कंट्रोल रूम के अंदर भी खड़ी देखी जाती हैं। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह इन बिना नंबर वाली गाड़ियों पर कब सख्त कदम उठाते हैं और क्या शहर की सड़कों पर इन गाड़ियों की दबंगई पर रोक लगाने में कामयाब हो पाएंगे।

# मध्य प्रदेश में पति की मौत के बाद गर्भवती से कराए बिस्तर पर लगे खून के धब्बे साफ, वीडियो वायरल

**भोपाल (चम्बल नवराष्ट्र)**। डिंडोरी में एक सरकारी अस्पताल के बिस्तर पर एक गर्भवती आदिवासी महिला को खून के धब्बे साफ करने के लिए मजबूर करने का मामला सामने आया है।बिस्तर पर उसके पति के खून के धब्बे लगे थे। अधिकारियों ने बताया कि रघुराज मरावी (28) पर रिश्तेदारों ने जमीन विवाद को लेकर हमला कर दिया था और उसे बृहस्पतिवार की रात घायल अवस्था में सरकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया था।

एक अधिकारी ने कहा, %%बाद में उनकी मौत हो गई। उनकी पत्नी रोशनी बाई, जो पांच महीने की गर्भवती हैं, को उस बिस्तर से खून के धब्बे धोने पड़े जिस पर उन्हें भर्ती कराया गया था। यह घटना शनिवार को हुई। हमने नर्सिंग अधिकारी राकुमारी मरकाम और छोटी बाई ठाकुर को निलंबित कर दिया है और चिकित्सा अधिकारी डॉ. चंद्रशेखर सिंह का तबादला कर दिया है। उन्होंने बताया कि हमले में रघुराज के भाई शिवराज मरावी (40) और पिता धरम सिंह मरावी (65) की मौत हो गई जबकि दूसरे भाई रामराज को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार यह हमला जिला मुख्यालय से लगभग 50 किलोमीटर दूर लालपुर गांव में एक जमीन पर फसल काटने को लेकर हुए विवाद के कारण किया गया था।



### कांग्रेस ने सरकार को घेरा

मध्य प्रदेश कांग्रेस ने इस घटना को लेकर राज्य सरकार पर तंज कसा है। एक्स अकाउंट पर किए पोस्ट में कांग्रेस ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार में बेलगाम अफसरशाही द्वारा अमानवीयता के उदाहरण रोज सामने आते हैं! किन्तु आदिवासी बहुल डिंडोरी जिले में पति की मौत के बाद गर्भवती महिला से साफ सफाई करवाना अमानवीयता की पराकाष्ठा है! उप मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ला प्रदेश के अस्पतालों में समुचित इलाज तो खैर जनता को नसीब नहीं, लेकिन क्या अब जनता मानवीय व्यवहार की हकदार भी नहीं ? अपने पति को खो चुकी महिला के साथ अस्पताल प्रशासन का यह व्यवहार निंदनीय और शर्मसार करने वाला है।

# महामहिम का स्वागत कर प्रतीक चिह्न भेंट किया



**पवन वर्मा**

**आष्टा (चंबल नवराष्ट्र)**। कर्नाटक के राज्यपाल श्री थावरचंद जी गहलोत का आज हाइवे ट्रीट डोडी पर भव्य स्वागत किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कर्नाटक के राज्यपाल श्री थावरचंद गहलोत आज नागदा से भोपाल जाते समय अल्प समय के लिए हाइवे ट्रीट डोडी पर रुके जहां युवा मोर्चा अध्यक्ष मनीष धारवा, महामंत्री पवन वर्मा, अवनीश पिपलोदिया, राहुल जैन, अर्जुन मालवीय, भूपेंद्र ठाकुर, कृपाल सिंह आदि ने अंगवस्त्र भेंट कर आत्मीय स्वागत किया, श्री गहलोत ने स्वागत स्वीकार कर सबके साथ हाइवे ट्रीट पर स्वल्पाहार गृहण किया एवं मनीष धारवा मित्र मंडली को कर्नाटक आने के लिए आमंत्रित किया, ज्ञातव्य हो कि श्री गहलोत मध्य प्रदेश के नागदा के रहने वाले है एवं एक समय मध्य प्रदेश के कद्दावर नेता हुआ करते थे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक विनीत गुप्ता, एम.आई.आफसेट वर्क्स, 91, रशीदिया स्कूल के पास बरखेड़ी, भोपाल से मुद्रित तथा सीओ मो. नफीस कुरैशी 91, रशीदिया स्कूल के पास, बरखेड़ी, भोपाल-462008 से प्रकाशित। सम्पादक: विनीत गुप्ता मो. 8889307028, कार्यकारी सम्पादक महेन्द्र राय। RNI No. MPHIN/2018/77427 (समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा।)